नई दिल्ली

शुक्रवार, 7 जून 2024

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 28, अंक : 57

पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

मौसम

अधि. 42

न्यून. 31

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




09 सरबजोत ने म्यूनिख वर्ल्ड कप में जीता स्वर्ण


NEET (UG) 2024

BLOCKBUSTER RESULT

ALLEN

HIGHEST NUMBERS ACROSS INDIA

26 Students secured All India Rank 1 with perfect 720/720 Marks

40 Students in Top 100 All India Rank

138416 Total Students Qualified

Classroom Course : 85572 | Distance Learning: 52844

Maharashtra Topper – Ved Sunilkumar Shende – Classroom Course – 720/720

Bihar Topper – Mazin Mansoor – Classroom Course – 720/720

West Bengal Topper – Rupayan Mandal – Classroom Course – 720/720

Rajasthan Topper – Prachita – Classroom Course – 720/720

Tamil Nadu Topper – S Shailaja – Classroom Course – 720/720

Delhi Topper – Divyansh Jitender – Classroom Course – 720/720

Rajasthan Topper – Shashank Sharma – Classroom Course – 720/720

Himachal Pradesh Topper – Aryan Sharma – Classroom Course – 720/720

Maharashtra Topper – Krishnamurty Shiwal – Classroom Course – 720/720

Gujarat Topper – Ved Hemantkumar Patel – Classroom Course – 720/720

Maharashtra Topper – Neha Kuldeep Mane – Classroom Course – 720/720

Bihar Topper – Hritik Raj – Classroom Course – 720/720

Chandigarh Topper – Taijas Singh – Classroom Course – 720/720

Bihar Topper – Abhinav Kisna – Classroom Course – 720/720

Haryana Topper – Khushboo Suhag – Classroom Course – 720/720

Rajasthan Topper – Jahnvee – Classroom Course – 720/720

Jharkhand Topper – Kahkasha Parween – Classroom Course – 720/720

Bihar Topper – Tathagat Awatar – Online Test Series – 720/720

West Bengal Topper – Arghyadeep Dutta – Online Test Series – 720/720

Rajasthan Topper – Isha Kothari – Online Test Series – 720/720

Maharashtra Topper – Umayma Malbari – Online Test Series – 720/720

Jharkhand Topper – Manav Priyadarshi – Online Test Series – 720/720

Rajasthan Topper – Aadarsh Singh Moyal – Distance Learning – 720/720

Gujarat Topper – Darsh Paghdar – Distance Learning – 720/720

Punjab Topper – Shikhin Goyal – Distance Learning – 720/720

Scan to see our Toppers' success stories

738 STUDENTS SCORED 700 & ABOVE MARKS

Official result validator

ALLEN NEET(UG) 2024 Results Certified by EY Building a better working world

Haryana Topper – Anjali – Distance Learning – 720/720

As per results compiled till 6th June 2024 (4:10 PM)

ALLEN DELHI : SPECTACULAR NEET (UG) 2024 RESULT IN THE VERY FIRST YEAR

Haryana Topper – Khushboo Suhag – Classroom Course – 720/720 – AIR 1

AIR 76 – Rishika Aggarwal – Classroom Course – 716/720

AIR 266 – Aastha Singal – Classroom Course – 715/720

AIR 394 – Tanisha Suhag – Classroom Course – 710/720

AIR 432 – Arjun Sharma – Classroom Course – 710/720

AIR 786 – Gunjan Aggarwal – Classroom Course – 706/720

AIR 841 – Md. Fahad Alam – Classroom Course – 706/720

AIR 967 – Dhiraj Falodia – Classroom Course – 705/720

AIR 1435 – Priyanshu Yadav – Classroom Course – 702/720

AIR 1830 – Kanishka Bhadra – Classroom Course – 700/720

AIR 1946 – Yash Sharma – Classroom Course – 700/720

11 Students Scored 700 and above Marks

48 Students Scored 680 and above Marks

140 Students Scored 650 and above Marks

336 Students Scored 600 and above Marks

2300+ ALLEN Delhi Classroom Students Qualified

Authenticity of Result: Power of ALLEN

Heartiest Congratulations!

ADMISSIONS OPEN (CLASSROOM COURSES)

NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Olympiads | Class 8 to 12 & 12 Pass

GET UP TO 90% SCHOLARSHIP

Based on JEE & NEET (UG) 2024 Score or appear in ASAT

Scan to Register

REPEATER COURSE FOR NEET (UG) 2025

For Class 12 Pass / NEET 2024 Appeared / Ex-ALLEN Students

Get up to 90% Scholarship based on NEET(UG) 2024 Score

Batches Starting: 12 JUNE 2024 onwards

Scan to Enrol

TALLENTEX 2025 Register now & avail early registration fee benefit, visit tallentex.com

Scholarship based on your performance in JEE & NEET (UG) 2024 Score / 10th & 12th Board Marks and for more details on upcoming batches, visit allen.ac.in

ALLEN DELHI CENTER 95136 85900 | allen.ac.in/delhi

REGISTERED & CORPORATE OFFICE KOTA:0744-3556677, 2757575 Web.: allen.ac.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. EY has examined and validated ALLEN's method for identifying eligible students who have enrolled in their paid programs.

# ALLEN ONLINE PROGRAMS

**Result NEET(UG) 2024**

## एक सर्जन ने इनकी नानी की जान बचाई। अब वह खुद हज़ारों लोगों की जान बचाने की राह पर है।

बचपन से ही मेहनती, सार्थ अपने डॉक्टर पिता से प्रेरित होकर चिकित्सा पेशे का अत्यधिक सम्मान करते थे। जब वह 16 वर्ष के थे, तब उनकी नानी को अचानक कैंसर हुआ और एक ऑन्कोलॉजिस्ट ने सर्जरी से उनकी जान बचाई। तब से सार्थ ने ठान लिया की उन्हें सर्जन ही बनना है।

अपने माँ बाप के साथ घर पर रहकर ही NEET की तैयारी करने की इच्छा के साथ, उन्होंने कक्षा 11 में **ALLEN Online Programs** में दाखिला लिया। जहाँ शिक्षकों से मिले व्यक्तिगत मार्गदर्शन से उनके सर्जन बनने की यात्रा की शुरुआत हुई।

आज, उन्होंने **NEET (UG) 2024** में **715/720** अंक और **AIR 252** प्राप्त की है। हमे गर्व है कि सार्थ, **ALLEN** परिवार का हिस्सा है!

Scan the QR code to watch Sarth Prashant Patil talk about his incredibly inspirational journey.



**SARTH PRASHANT PATIL**
Tasgaon, Maharashtra

715/720 **AIR 252** Live Online Program

## अब आप भी घर से पढ़कर **सरकारी कॉलेज** से डॉक्टर बनने का **सपना** साकार कर सकते है

**5** students secured **AIR 1**

**539** have scored 650 and above

**9** in every 10 students qualified

ALLEN NEET(UG) 2024 Results Certified by EY — Official result validator — Building a better working world

- 720/720 Arghyadeep Dutta — Test Series
- 720/720 Isha Kothari — Test Series
- 720/720 Tathagat Awatar — Test Series
- 720/720 Umayma Malbari — Test Series
- 720/720 Manav Priyadarshi — Test Series
- 715/720 Soham S. Gaykar — Test Series
- 715/720 Roshni Subramaniyan — Test Series
- 710/720 Ronak Yadav — Test Series
- 710/720 Anshika Agrawal — Test Series
- 706/720 Shruti Agrawal — Live Program
- 706/720 Hridi Gupta — Test Series
- 705/720 Advik Garg — Test Series
- 705/720 Shubhayu Deb — Test Series
- 705/720 Kritika Garg — Test Series
- 705/720 Om Sudhir Yesane — Test Series
- 705/720 Avik Das — Live Program
- 705/720 Shubham Lohan — Test Series
- 705/720 Pallavi Kumari — Test Series
- 705/720 Khushi K. Singh — Test Series
- 705/720 Asmi Rao — Test Series
- 705/720 Arya Tripathi — Test Series
- 705/720 Ruchika Bhadu — Test Series
- 702/720 Divya Manhas — Live Program
- 701/720 Nandini Jain — Test Series
- 701/720 Prarthana Unnikrishnan — Test Series
- 701/720 Mohd. Masood Iqbal — Test Series
- 701/720 Anushka Vora — Live Program
- 701/720 Anugrah Kukreja — Live Program
- 700/720 Suchi Jain — Live Program
- 700/720 Dipendra Choudhary — Recorded Program

And many more students.




### Give your prep the ALLEN App Advantage

- LIVE classes with top Kota faculty
- Customised practice based on NCERT syllabus
- 1:1 mentorship and guidance
- Personalised improvement plan
- 24/7 doubt resolution

### Online Test Series with SmartPractice

- AIR benchmarking
- Follow the latest exam pattern & syllabus
- Curated 5,000+ practice questions
- Personalised study tools on the ALLEN app

Starting at ₹5,499

**ALLEN**
+91-9513736499
www.allen.in

Join Online Programs for **NEET Repeaters.**
Batches starting from June 18
Get up to 90% scholarship based on your NEET score

Hurry! Admissions open. Scan code to register

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing.

नई दिल्ली

शुक्रवार, 7 जून 2024

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 28, अंक : 57
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 42
न्यून. 31

### दिल्ली पहुंचे मध्यप्रदेश के भाजपा अध्यक्ष शर्मा का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत



**भोपाल।** मप्र भाजपा अध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा गुरुवार शाम को दिल्ली पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत हुआ। मप्र के सांसदों ने अगवानी की। सांसद कविता पाटीदार, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी मौजूद थे।






शपथ समारोह में बांग्लादेश, मालदीव, भूटान, नेपाल, मॉरिशस, सेशेल्स, श्रीलंका होंगे शामिल

*मोदी सरकार 3.0: जेपी नड्डा के निवास पर साढ़े सात घंटे तक चली बैठक के बाद भाजपा अध्यक्ष सहित कई नेता कार्यवाहक पीएम मोदी से मिले,उन्हे जानकारी दी*

# 9 को शाम 6 बजे मोदी लेंगे शपथ स्मृति व चंद्रशेखर बन सकते हैं मंत्री

*आज एनडीए गठबंधन के सभी सांसदों की बैठक में मोदी को सर्व-सम्मति से चुना जाएगा नेता*

आनंद राणा ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में राजनैतिक सरगर्मियां जोरों पर हैं। चर्चा है कि नरेंद्र मोदी कल शनिवार की बजाय परसों रविवार को शपथ लेंगे। हालांकि शपथ कार्यक्रम को लेकर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

गुरुवार को जेपी नड्डा के घर एक बार फिर बैठक हुई। शाम को मंत्रिमंडल गठन को लेकर घटक दलों के साथ तालमेल की कवायद पर नड्डा ने पीएम को अपडेट दिया। आज शुक्रवार को पहले भाजपा संसदीय दल की बैठक होगी और ▸▸ शेष पेज 7 पर

भाजपा ने अपने सभी सीएम व डिप्टी सीएम को दिल्ली बुलाया। आज होगी परिणाम की समीक्षा मप्र के 29 सांसद दिल्ली पहुंचे

मंत्रिमंडल में हिस्सेदारी की खबरों पर घटक दलों ने कहा कि हमने बिना शर्त समर्थन दिया है



फाइल फोटो

### फडणवीस ने इस्तीफे की पेशकश की

*बुधवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में भाजपा की हार की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की इच्छा प्रकट की थी। अब महाराष्ट्र में सरकार बचाने के लिए भी दिल्ली में हाईकमान मंथन कर रहा है क्योंकि अजित पवार के कुछ विधायकों की शरद पवार से संपर्क की बात सामने आ रही है। साथ ही चर्चा है कि लोकसभा चुनाव में शिव सेना (उद्धव ठाकरे ) की बड़ी जीत के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कई विधायक भी साथ छोड़कर ठाकरे के साथ जा सकते* ▸▸ शेष पेज 7 पर

### 4 सांसदों पर एक मंत्री पद मिल सकता है

सूत्रों का कहना है कि नड्डा के घर हुई बैठक में सहयोगी दलों के लिए 4 सांसदों पर एक कैबिनेट मंत्री का पद तय किया गया है। देखना यह है कि चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार इस पर राजी होते हैं या नहीं। साथ ही दो सांसदों वाले दलों को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा एक सांसद वाले घटक को एक राज्यमंत्री का पद देने का ऑफर दिया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार नायडू लोकसभा अध्यक्ष पद अपनी पार्टी के खाते में मांग रहे हैं, इसके साथ ही वित्त, सड़क, स्वास्थ्य और उद्योग जैसे मंत्रालय पर भी उनकी नजर है। भाजपा नेतृत्व उनको वित्त राज्यमंत्री की पेशकश कर सकता है क्योंकि वित्त मंत्रालय प्रधानमंत्री मोदी अपने कोटे में रखने पर अडिग हैं। नीतीश बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा चाहते हैं और चंद्रबाबू आंध्रप्रदेश के लिए विशेष पैकज। नीतीश की इच्छा भी तीन बड़े और रसूखदार मंत्रालय पाने की है। जेडीयू ने दबाव बनाने की शुरुआत कर दी है। जेडीयू प्रवक्ता केसी त्यागी ने गुरुवार को कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर मतदाताओं का एक वर्ग नाराज है। चुनाव पर इसका असर दिखा। हमारी पार्टी चाहती है कि जिन कमियों पर जनता ने सवाल उठाए हैं उन पर विस्तार से चर्चा हो और उन्हें ▸▸ शेष पेज 7 पर

### दिल्ली जल संकट पर उच्चतम न्यायालय का निर्देश



# हिमाचल प्रदेश तत्काल 137 क्यूसेक अतिरिक्त जल छोड़े

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में जारी जल संकट के बीच उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को निर्देश दिए कि हिमाचल प्रदेश 137 क्यूसेक अतिरिक्त जल छोड़े और हरियाणा दिल्ली की तरफ पानी के प्रवाह को सुगम बनाए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि पानी को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

शीर्ष अदालत दिल्ली सरकार द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हरियाणा को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वह हिमाचल प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय राजधानी को उपलब्ध कराया ▸▸ शेष पेज 7 पर

### सोमवार को स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें

पीठ ने आदेश दिया कि जब भी हिमाचल प्रदेश पूर्व सूचना के साथ हरियाणा की तरफ अतिरिक्त पानी छोड़ेगा तो हरियाणा अतिरिक्त पानी के प्रवाह को हथिनीकुंड और वजीराबाद तक सुगम बनाए रखने में मदद करेगा ताकि यह निर्बाध रूप से दिल्ली तक पहुंचे और दिल्ली के लोगों को पेयजल के लिए पानी उपलब्ध कराया जा सके। अदालत ने कहा कि सोमवार को इस अदालत के समक्ष एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। न्यायालय ने दिल्ली सरकार से यह भी ▸▸ शेष पेज 7 पर

### मालगाड़ी हादसाः पायलट को लगी थी झपकी

**नई दिल्ली।** पंजाब में मालवाहक ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने के चार दिन बाद जांच में पता चला है कि




लोको पायलट और उसके सहायक की झपकी लग गई थी। लाल बत्ती आने पर ब्रेक नहीं लग पाया। जांच रिपोर्ट के अनुसार दुर्घटना दो जून को सरहिंद जंक्शन और साधूगढ़ रेलवे स्टेशन के बीच हुई जब यूबी जीवीजीएन का इंजन पटरी से उतरकर मुख्य यात्री ट्रेन की लाइन पर चला गया।

### जून 1993 में शख्स का किया था अपहरण

# फर्जी मुठभेड़ः पूर्व डीएसपी, थाना प्रभारी को हत्या मामले में दोषी करार दिया गया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मोहाली की एक विशेष सीबीआई अदालत ने 1993 में एक फल विक्रेता के अपहरण और हत्या के लिए बृहस्पतिवार को तरनतारन के तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दिलबाग सिंह और थाना प्रभारी गुरबचन सिंह को बृहस्पतिवार को दोषी करार दिया। अधिकारियों ने यहां बताया कि 22 जून 1993 को गुलशन कुमार का उसके घर से अपहरण कर लिया गया था, जिसके बाद उस एक महीने तक अवैध हिरासत में रखा गया और उसी साल 22 जुलाई को एक फर्जी मुठभेड़ में उसकी मौत हो गई। विशेष अदालत ने




डीआईजी के पद से सेवानिवृत्त हुए दिलबाग सिंह और पुलिस उपाधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए गुरबचन सिंह को दोषी पाया। आरोप पत्र में नामजद तीन अन्य पुलिस अधिकारियों एएसआई अर्जुन सिंह, एएसआई देविंदर सिंह और एसआई बलबीर सिंह की मुकदमे के दौरान मृत्यु हो ▸▸ शेष पेज 7 पर

### आरोपी महिला जवान निलंबित, प्रकरण दर्ज

# टिप्पणी से नाराज सीआईएसएफ कर्मी ने सांसद एवं अभिनेत्री कंगना को थप्पड़ मारा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर महिला सीआईएसएफ कर्मी ने बॉलीवुड अभिनेत्री व भाजपा सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मार दिया। अब कंगना को थप्पड़ मारने वाली सीआईएसएफ की आरोपी महिला जवान कुलविंदर कौर की प्रतिक्रिया सामने आई है। कंगना रनौत के किसान आंदोलन के दौरान दिए गए बयान से कुलविंदर कौर नाराज थी। वायरल वीडियो में आरोपी महिला जवान यह कह रही है, उन्होंने



कहा था कि 100 रुपए के लिए किसान वहां बैठे हैं। मेरी मां भी वहां बैठीं थीं, जब कंगना रनौत ने यह बयान दिया था। सूत्रों के अनुसार, कंगना रनौत चंडीगढ़ से ▸▸ शेष पेज 7 पर

### शिवराज का भाजपा अध्यक्ष के लिए नाम

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव खत्म हो जाने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर संगठन में बदलाव को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री



शिवराज सिंह चौहान को भाजपा अध्यक्ष बनाया जा सकता है। भाजपा संसदीय दल की बैठक में हिस्सा लेने हालांकि सभी नवनिर्वाचित सांसद दिल्ली में हैं लेकिन अटकलें हैं कि शिवराज को खासतौर पर दिल्ली आने का मैसेज दिया गया है। जेपी नड्डा का कार्यकाल पहले ही पूरा हो चुका है। लोकसभा चुनाव तक के लिए उनके कार्यकाल को विस्तार दिया गया था।

### राहुल गांधी ने कहा- मामले की जेपीसी से जांच कराएं

# शेयर बाजार के खेल को राहुल गांधी ने बताया बड़ा घोटाला

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह पर सबसे तीखा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव के वोटों की गिनती वाले दिन शेयर बाजार में जोरदार गिरावट से निवेशकों के 31 लाख करोड़ रुपए के हुए नुकसान की जिम्मेदारी मोदी, शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण की है। एक्जिट पोल के बाद शेयर बाजार में



उछाल, वोटों की गिनती के बाद धड़ाम हुआ शेयर बाजार के बीच किसने कितना कमाया ? किसने, किसके साथ मिलकर देश के निवेशकों के साथ धोख़ा किया इसकी विस्तृत ▸▸ शेष पेज 7 पर

### राहुल के आरोपों पर भाजपा का जवाब

# पीयूष गोयल बोले-मार्केट के लोगों का कॉन्फिडेंस कम कर रहे राहुल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एग्जिट पोल और स्टॉक मार्केट में गिरावट को स्कैम बताने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों का भाजपा ने जवाब दिया है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में विपक्ष की हार से अभी भी उबर नहीं पाए हैं, वे अब मार्केट के लोगों का कॉन्फिडेंस कम कर रहे हैं। निवेशकों में भय पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था



बनने जा रहा है और पूरी दुनिया उसको इसी न गिाह से देख रही है। जेपीसी की मांग बेबुनियाद है। पीयूष गोयल ने कहा कि बाजार में उतार चढ़ाव सामान्य बात है। आम निवेशकों को फायदा मिलता रहता है। कांग्रेस को बताना चाहिए कि उनके ▸▸ शेष पेज 7 पर




## खबर संक्षेप

### फ्री बिजली-पानी के झांसे में अब नहीं आएगी जनता : पूर्व महापौर

**नई दिल्ली।** अब जनता फ्री बिजली-पानी को लेकर वह झांसे में आने वाले नहीं हैं। दिल्ली नगर निगम की पूर्व महापौर सत्या शर्मा ने लोकसभा चुनाव में गठबंधन से चुनाव लड़ने वाली आम आदमी पार्टी के विधायकों से इस्तीफा देने की मांग करते हुए गुरूवार को यह बातें कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने उन्हें चुनाव में आइना दिखा दिया है। उत्तर पूर्वी और पूर्वी दिल्ली संसदीय लोकसभा की 20 विधानसभा सीटों में से 14 पर भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से गठबंधन नहीं किया होता तो संभवत आप पार्टी की जमानत जब्त हो जाती। पूर्व महापौर सत्या शर्मा का कहना है कि पूर्वी दिल्ली में आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी की हालत तो यह हो गई कि वह अपना विधानसभा क्षेत्र तक नहीं बचा सके। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल भी अपनी पार्टी को बढ़त नहीं दिला सके। इसका मतलब साफ है कि जनता इनसे संतुष्ट नहीं हैऔर नैतिकता के आधार पर इन सभी विधायकों को इस्तीफा दे देना चाहिए।

### दक्षिणी दिल्लीः कार जलकर बनी राख, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर एक कार में आग लग गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार रात हुई थी। कार में आग लगने के तुरंत बाद वाहन में सवार लोग बाहर निकल गए, जिससे इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) को रात 10.30 बजे इसकी सूचना मिली, जिसके बाद दमकल विभाग की एक गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि, कार पूरी तरह जलकर राख हो गई।

### सीआईसी एमपीलैड्स फंड के इस्तेमाल पर नहीं कर सकता टिप्पणीः हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) को सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना (एमपीलैड्स) कोष के इस्तेमल के संदर्भ में टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम का दायरा सार्वजनिक प्राधिकरणों के नियंत्रण में सूचना तक पहुंच प्रदान करने तक ही सीमित है। अदालत ने एमपीलैड्स की राशि के इस्तेमाल से संबंधित सूचना मांगने वाले आरटीआई आवेदन पर विचार करते समय सीआईसी द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों को हटा दिया और कहा कि मुख्य सूचना आयुक्त को किसी भी सार्वजनिक प्राधिकार के कामकाज पर प्रतिकूल टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। हालांकि, इसने संबंधित निधि के सांसद-वार, निर्वाचन क्षेत्रवार और कार्यवार विवरण का खुलासा करने के सीआईसी के निर्देश को बरकरार रखा। अपने आदेश में, सीआईसी ने पाया कि कुछ सांसद अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष के लिए अपने एमपीलैड्स निधि को 'जानबूझकर' बचाये रखते हैं ताकि अगले चुनावों से पहले काम कराकर उसका चुनावी लाभ प्राप्त किया जा सके।

### अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की करोड़ों की नकली कैंसर/मधुमेह की दवाइयां जब्त

# नकली लाइफ सेविंग ड्रग्स रैकेट का खुलासा, फार्मासिस्ट समेत चार धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने नकली/प्रतिबंधित 'जीवन रक्षक' कैंसर दवाओं के अंतरराज्यीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस संबंध में गैंग का सरगना, निर्माता, थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता और फार्मासिस्ट समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

सीरिया निवासी एक अंतरराष्ट्रीय सप्लायर को भी गिरफ्तार किया गया है, जो तुर्की, मिस्त्र और भारत के बीच दवाओं की आपूर्ति करता था। पुलिस द्वारा कई अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की करोड़ों की नकली कैंसर/मधुमेह की दवाइयां जब्त भी की गई है। जब्त की गई सभी दवाएं नकली है और भारत में प्रतिबंधित भी थी। डीसीपी राकेश पावरिया के अनुसार साइबर सेल के इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह को जानकारी मिली थी कि दिल्ली एनसीआर में कुछ दवा विक्रेता अवैध रूप से नकली और अपंजीकृत जीवनरक्षक दवाएं बेच निर्दोष लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। सीनियर अफसरों के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। एक साथ विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करने के लिए टीम को तीन हिस्सों में बांटा गया। सबसे पहले टीम दिल्ली के लाल किला के पास भागीरथ प्लेस इलाके में पहुंची और मुखबिर की निशानदेही पर श्री राम इंटरनेशनल ट्रेडर्स पर छापा मारा। वहां से लगभग 1.5 करोड़ रुपये मूल्य की दवा जब्त की गई। पता चला कि दुकान का मालिक नकली और अपंजीकृत जीवनरक्षक दवाएं बेच रहा था। दूसरी टीम ने दरियागंज स्थित टेरी व्हाइट लाइफ केयर पर छापेमारी की। दुकान की सरसरी तलाशी के दौरान लगभग 2.5 करोड़ रुपये मूल्य की दवाओं का संदिग्ध स्टॉक मिला। बरामद दवा आयातित हैं और भारत में बिक्री और वितरण के लिए अधिकृत नहीं थी।

#### विदेशी नागरिकों की मिलीभगत से चल रहा था सिंडीकेट

जांच के दौरान पता चला कि विदेशी नागरिकों की मिलीभगत से सिंडिकेट का संचालन किया जा रहा है। इसके बाद सूचना मिली कि सीरिया का एक विदेशी नागरिक नकली दवाओं का सौदा करने दिल्ली आ रहा है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक जाल बिछाया गया और विदेशी नागरिक मोनिर अहमद निवासी अलेप्पो, सीरिया को पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान, उसने बताया कि वह तुर्की, मिस्त्र और भारत के बीच दवाओं की आपूर्ति के लिए एक कूरियर के रूप में काम करता है। वह भारत में तुर्की और मिस्त्र की दवाओं की आपूर्ति करता है और वहां पर भारतीय दवाओं की सप्लाई नियमित आधार पर कर रहा है। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन और मिस्त्र और सीरिया के दो पासपोर्ट, दो निवास कार्ड बरामद किए गए। इसके अलावा, यह भी सामने आया है कि इस सिंडिकेट का सरगना भी एक विदेशी नागरिक है और मिस्त्र से सिंडिकेट का संचालन कर रहा है। पुलिस मामले में अब तक नवीन आर्य, सौरभ गर्ग, करण खनेजा और मोनिर अहमद को गिरफ्तार कर चुकी है। नवीन पीएचडी डिग्री धारक हैं और पिछले चार वर्षों से श्री राम इंटरनेशनल ट्रेडर शॉप का संचालन कर रहा है। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि जब्त की गई दवा उसने अधिक मुनाफा कमाने के लिए बिना बिल के एमआर से खरीदी थी। सौरभ 12वीं पास है और टैरी व्हाइट लाइफ केयर का संचालन करता है। उनकी पिछली कंपनी अश्वनी को भी ड्रग विभाग ने सीज कर दिया था। करण खनेजा भी टैरी व्हाइट लाइफ केयर से संबंध रखता है। पुलिस के अनुसार मध्य पूर्व के देशों में जीवन रक्षक दवाएं भारत की तुलना में सस्ती हैं। उदाहरण के लिए तुर्की के लिए निर्मित बीएमएस कंपनी के उत्पाद इंजेक्शन ओपदिवो की कीमत 30 हजार रुपये है जबकि भारत में उसी इंजेक्शन की कीमत एक लाख रुपये है।

## नेहरू प्लेस इलाके में कार के अंदर मिली व्यक्ति की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिणी दिल्ली के नेहरू प्लेस इलाके में बृहस्पतिवार को एक कार से 34 वर्षीय व्यक्ति की लाश बरामद हुई। मृतक के नाक से खून बह रहा था। शरीर पर जलने के निशान भी मिले थे। मृतक की पहचान ध्रुव महाजन के रूप में हुई है। सबूत इकट्ठा करने के लिए फोरेंसिक टीम ने भी कार की जांच की है।

डीसीपी राजेश देव के अनुसार सुबह करीब 9.40 बजे कालकाजी थाने को एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें एक कार में शव पड़े होने की बात कहीं गई। कार में खून भी बिखरा बताया गया। पुलिस मौके पर पहुंची और शीशे को तोड़ शव को कब्जे में लिया। मृत व्यक्ति का शव स्टीयरिंग व्हील पर झुका हुआ था। जांच पड़ताल के बाद मृतक शख्स की पहचान ध्रुव महाजन के रूप में हुई। इलाके के सीसीटीवी फुटेज जांचे गये जिसमें पता चला कि ध्रुव सुबह करीब 3.30 बजे अपनी कार से घटनास्थल पर पहुंचा था। करीब सात मिनट बाद कार के अंदर तेज आग लगी जो एक मिनट बाद ही बुझ गई। प्रथम दृष्टया पुलिस ऐसा संदेह जता रही है कि महाजन ने खुद को आग लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि कार पूरी तरह से जल नहीं पाई और दम घुटना मौत का कारण हो सकता है। महाजन की बहन ने पुलिस को बताया कि वह बेंगलुरु में रहता था और कर्ज तले भी दबा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेजा गया है।



**पहचान की अपील**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, **पुत्र** अज्ञात **पता** अज्ञात जिसकी **उम्र** करीब 50 वर्ष, **कदः** 5'5", **रंगः** सावंला, **चेहराः** वर्गाकार, **शरीरः** मजबूत, **बाल और दाढ़ीः** सफेद, जिसने नीले रंग की शर्ट, ग्रे रंग की पेंट, हरे रंग की बेल्ट पहनी है जो गंदी हालत में है और नंगे पैर है। जो कि फुटपाथ के सामने डिलाइट सिनेमा, एमसीडी पार्किंग, आसफ अली रोड के पास, दरियागंज, दिल्ली में मृत अवस्था में मिला। जिसके मृत शरीर को पहचान के लिए 72 घंटे के लिए एमएएमसी के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है। इस संदर्भ में **DD No.30A, दिनांकः 01.06.2024** थाना दरियागंज, दिल्ली में दर्जे।

इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थानाः दरियागंज, दिल्ली
फोन नं. 011-23279331, 23274683
मो.: 8750870421

दि.पु./6866/केन्द्रीय जिला/2024



**गुमशुदा लडकी की तलाश**

समरीन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लडकी जिसका **नामः** समरीन पुत्री इरफान निवासी मकान नं. 44, गली नं. 02, चाणक्य प्लेस, दिल्ली **उम्र** : 19 साल, **कद** : 3'5'', **शरीरः** मजबूत, **चेहराः** गोल, **रंग** : साफ, जिसने काले रंग का सूट और सलवार पहने हुए है, दिनांक 03.06.2024 से अपने घर से लापता है। इस संदर्भ में जी.डी. सं. 161ए दिनांक 03.06.2024 थाना डाबरी, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता लडकी के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

ई–मेलः cic@cbi.gov.in
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
फैक्सः 24368639,
दूरभाषः 24368638/24368641

थानाध्यक्षः थाना डाबरी, दिल्ली,
दूरभाष सं.: 011-25635178,
8750871024, 9013017726

DP/6890/DW/2024

## सघन चुनाव प्रचार से संकेत मिलता है कि सीएम केजरीवाल गंभीर बीमारी से ग्रस्त नहीं हैं : कोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





दिल्ली की एक अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से इनकार करते हुए कहा है कि उन्होंने जिस तरह सघन (चुनाव) प्रचार किया एवं अन्य संबंधित गतिविधियों में भाग लिया, उससे संकेत मिलता है कि वह किसी गंभीर या 'जानलेवा' बीमारी से ग्रस्त नहीं हैं। केजरीवाल को एक और झटका देते हुए अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत की मांग संबंधी उनका आवेदन बुधवार को खारिज कर दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने जिस तरह सघन प्रचार किया तथा संबंधित बैठकें व कार्यक्रम किये, जैसा कि बहस के दौरान बताया गया, वे संकेत देते हैं कि वह किसी गंभीर या 'जानलेवा' बीमारी से ग्रस्त नहीं हैं, ऐसे में वह इस लाभ के हकदार नहीं हैं। न्यायाधीश बावेजा ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक के लिए बढ़ा दी। अदालत इस मामले में वैधानिक जमानत की मांग संबंधी उनकी अर्जी पर सात जून को सुनवाई करेगी।अपने आदेश में न्यायाधीश ने कहा कि यह निर्धारित करने के लिए कि क्या उच्च कीटोन स्तर या वजन के कथित रूप से घटने से 'मधुमेह कीटोएसिडोसिस' हो सकता है, परीक्षण कराने की खातिर अंतरिम जमानत प्रदान करने का आधार 'चिकित्सीय जरूरत से भी अधिक कमजोर है। न्यायाधीश ने कहा कि प्रत्यक्ष तौर पर, जैसा कि आवेदक ने अनुमानित बीमारी की 'नैदानिक जांच' के लिए अंतरिम जमानत की मांग की है.... ऐसा कोई कारण जान नहीं पड़ता है कि हिरासत में रहने के दौरान आवेदक के परीक्षण क्यों नहीं कराये जा सकते हैं? न्यायाधीश ने हालांकि तिहाड़ जेल प्रशासन को न्यायिक हिरासत के दौरान उनकी चिकित्सा जांचों का ध्यान रखने का निर्देश दिया। शनिवार को सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय ने यह कहते हुए आवेदन का विरोध किया था कि उन्होंने पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार किया लेकिन 'अब जब आत्मसमर्पण करना है तो वह अचानक बीमार होने का दावा कर रहे हैं।

### नट बोल्ट बनाने की फैक्ट्री में धमाका, तीन झुलसे

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार की रात एक नट बोल्ट बनाने की फैक्ट्री में जबरदस्त धमाका हुआ। इसकी वजह से मशीन से गर्म तेल की छींटों तीन श्रमिकों पर पड़ गई जिससे वह झुलस गए। आनन-फानन में सूचना पाकर दमकल विभाग समेत स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। एक की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस के अनुसार जी ब्लाक स्थित फैक्ट्री में बुधवार की रात धमाके की सूचना मिली थी। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया। एक को 90 प्रतिशत झुलसी हालत में सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया। दो का अंबेडकर अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस धमाके के कारणों का पता लगा रही है।

## तिहाड़ः टिल्लू ताजपुरिया व गोगी गिरोह के कैदी भिड़े, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




तिहाड़ जेल में एक बार फिर गैंगवार की घटना सामने आई। जेल संख्या तीन में टिल्लू ताजपुरिया और गोगी गिरोह के सदस्यों के बीच हुई भिड़ंत में एक कैदी को नुकीला सुआ घोंपा गया। घायल कैदी का नाम हितेश बताया गया है। उसे उपचार के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लंग्स के पास गहरा जख्म कैदी को आया है। हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि जेल के अंदर बुधवार सुबह करीब 11:15 बजे गोगी गिरोह के सदस्य हितेश और टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो अन्य सदस्यों के बीच झगड़ा हुआ था। हितेश को बर्फ तोड़ने वाला नुकीला सुआ घोपा गया है। हितेश पर हमला करने वालों के नाम गौरव लोहरा और गुरिंदर बताये गये हैं। फिहलाल हमलावरों की पहचान की पुष्टि जांच का विषय है। हितेश घायल हुआ है और उसे दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि हितेश वर्ष 2019 से बवाना के मर्डर केस में जेल में है, जबकि गौरव और गुरिंदर पर हत्या और हत्या के प्रयास के मामले में मुकदमा चल रहा है। हरिनगर थाने में धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। अभी तक की जांच में पता चला कि हितेश अन्य कैदियों के साथ बात कर रहा था, तभी दोनों वहां पहुंचे और उससे बहस शुरू कर दी। जल्द ही बहस हाथापाई में बदल गई और आरोपियों में से एक ने उस पर बर्फ तोड़ने वाले सुए से हमला कर दिया। जेल संख्या तीन में कोई वीआईपी नेता बंद नहीं है। गैंगस्टर ताजपुरिया की पिछले साल मई में इसी जेल में प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद जेल में तमिलनाडू पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन भी चलाया गया है।

### एलजी ने संसद सुरक्षा मामले में यूएपीए के तहत छह आरोपियों पर मुकदमा चलाने को दी हरी झंडी

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में कथित संलिप्त छह लोगों पर सख्त गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने को हरी झंडी दे दी है। राजनिवास से जुड़े सूत्रों की मानें तो गुरुवार को एलजी ने यह मंजूरी दी है। सूत्रों के अनुसार दिल्ली पुलिस ने उपराज्यपाल से यूएपीए की धाराओं 16 और 18 के तहत उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का अनुरोध किया था। जबकि इस वर्ष 30 मई को समीक्षा समिति ने भी जांच एजेंसी द्वारा एकत्र किये गये संपूर्ण साक्ष्यों की पड़ताल की थी और मामले में आरोपियों की संलिप्तता पाई थी। उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। इस मामले में छह लोग आरोपी है, जिनमें मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, नीलम, ललित झा और महेश कुमावत शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि एलजी ने इस संगीन मामले पर कहा कि समीक्षा समिति ने टिप्पणी की कि प्रथम दृष्टया आरोपियों के विरुद्ध यूएपीए के तहत मामला बनता है। इसलिए इसे मंजूरी दी जानी चाहिए। बता दें कि संसद पर 2001 के आतंकवादी हमले की बरसी के दिन 13 दिसंबर 2023 को सुरक्षा में सेंधमारी की बड़ी घटना को अंजाम दिया गया । यह घटना उस समय अंजाम दी गई जब नई संसद में लोकसभा की कार्यवाही चल रही थी। उस समय दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के भीतर कूदे और केन के जरिये पीले रंग का धुआं फैलाया था।

**हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा समिति (एचएसटीईएस)**
(उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार के तत्वावधान में)
''तकनीकी शिक्षा निदेशालय'' बेज नं. : 7-12, सेक्टर-4, पंचकूला, हरियाणा,
वेबसाइट : hstes.org.in, techadmissionshry.gov.in
ई-मेल : onlineadmissionhelp@gmail.com, टोल फ्री प्रवेश हैल्पलाइन नं.: 1800-137-3735

**सार्वजनिक सूचना**

**सत्र 2024-25 हेतु बी.ई. / बी.टेक. कोर्सेज के लिए प्रवेश हेतु पंजीकरण**

यह सभी प्रवेश लेने के इच्छुक और आमजन की जानकारी हेतु है कि सत्र 2024-25 हेतु हरियाणा राज्य में स्थित राज्य विश्वविद्यालयों के साथ सम्बद्ध सभी राजकीय विश्वविद्यालय विभागों / राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों और सेल्फ-फाइनेंसिंग संस्थानों में बी.ई./ बी.टेक. कोर्सेज के लिए प्रवेश हेतु दो सेंट्रलाइज्ड ऑनलाइन काउंसलिंग संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) (मेन)-2024 की अखिल भारतीय रैंक के आधार पर आयोजित की जाएगी। वैध जेईई मेन रैंक वाले उम्मीदवार निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुरूप इन सेंट्रलाइज्ड काउंसलिंग में भाग लेने के लिए https://techadmissionshry.gov.in पर पंजीकरण करवा सकते हैं :

| क्र. सं. | कोर्स का नाम | अवधि | प्रवेश का आधार (सभी श्रेणियों : केएम, एचजीएसटी, ईडब्ल्यूएस, टीएफडब्ल्यू समेत) | पंजीकरण कार्यक्रम* |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बी.ई. / बी.टेक. | 4 वर्ष | राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की गई संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) (मेन)-2024 का अखिल भारतीय रैंक। | 29.05.2024 से आगे तक |

*उम्मीदवार ऑनलाइन सेंट्रलाइज्ड काउंसलिंग्स के दौरान भी पंजीकरण करवा सकते हैं।

टिप्पणी :-
1. पात्रता, निर्देशों की सूची, शुल्क संरचना, काउंसलिंग कार्यक्रम इत्यादि के सम्बन्ध में पूर्ण विवरण हेतु, कृपया www.hstes.org.in और http://techadmissionshry.gov.in पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका के लिए एचएसटीईएस वेबसाइट्स पर पधारें।
2. हरियाणा राज्य से उम्मीदवारों को अपने परिवार पहचान-पत्र (पीपीपी) आईडी अथवा ''दि हरियाणा परिवार पहचान एक्ट, 2021'' के प्रावधानों के अनुरूप आधार नम्बर (यदि आवेदक को पीपीपी आईडी याद नहीं है) अवश्य प्रदान करना चाहिए। (https://meraparivar.haryana.gov.in देखें)।
3. उम्मीदवारों को प्रवेश से सम्बन्धित नवीनतम जानकारी हेतु समय-समय पर एचएसटीईएस वेबसाइट्स : www.hstes.org.in और http://techadmissionshry.gov.in पर पधारने का परामर्श दिया जाता है।

techadmissionshry.gov.in
hstes.org.in

पीआरडीएच-1115/11/314/2025/26481/88/7 दि. 06.06.24
संयुक्त निदेशक, एचएसटीईएस

## हाशिम बाबा गैंग का शूटर मुठभेड़ के बाद चढ़ा स्पेशल सेल के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने मुठभेड़ के बाद हाशिम बाबा गिरोह के शूटर को गिरफ्तार किया है। अयान नामक शूटर हत्या और हत्या के प्रयास मामलों में वांछित था। इसके पास से .32 बोर की एक पिस्टल और दो कारतूस व एक चोरी की स्कूटी बरामद हुई है।पुलिस के अनुसार अयान पुत्र फारूक मौजपुर का रहने वाला है। पेपर मिल, गाजीपुर मार्केट के पास से इसे दबोचा गया। इससे पहले अयान को रुकने और आत्मसमर्पण करने का इशारा दिया गया था लेकिन बकौल पुलिस उसने भागने की कोशिश करते हुये पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी गोली चलाई। एक गोली अयान के पैर में लगी। उन्हें तुरंत इलाज के लिए दिल्ली के नजदीकी एलबीएस अस्पताल ले जाया गया। इस ऑपरेशन के दौरान दोनों तरफ से कुल सात राउंड फायरिंग हुई, जिसमें तीन पुलिस और चार राउंड बदमाश की तरफ से चली। बरामद स्कूटी झील खुरंजा क्षेत्र से चोरी की थी। अयान पहले भी तीन मामलों में शामिल है। इनमें हत्या, हत्या के प्रयास और पुलिस टीम पर हमले के केस शामिल है। 29 मई को इसने अपने साथी राहुल के साथ वेलकम इलाके में सूरज नामक व्यक्ति की फैक्ट्री में जाकर गोली मारकर हत्या कर दी थी।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिला, हरियाणा में नारनौल में स्थित स्थल के अनुरूप 'स्वतंत्रता का उद्घोष' युद्ध स्मारक के लिए विभिन्न विभागों से एनओसी'एस और आईकोनिक स्ट्रक्चर, म्यूजियम/आर्ट गैलरी / इंटरप्रेटेशन सेंटर, जल निकाय सहित एमफिथियेटर, लाइट एंड साउंड शो, लैंड स्कैपिंग, सार्वजनिक सुविधा निःशुल्क पहुंच पर जोर देते हुए अर्थात ई.आई. सेवाएं, एचवीएसी, पीएच, अग्निशमन, आर्ट वर्क, आर्किटेक्चरल ड्राइंग्स के प्रावधान सहित सिविल कार्य के संदर्भों सहित सम्बन्धित कंसेप्चुअल डिजाइन्स तैयार करना, सम्बन्धित कंसेप्चूअल डिजाइन के लिए एक उपयुक्त पैमाने, बाउंड्रीज दिखाने के लिए ड्राइंग्स और दस्तावेज तैया करना, एक साइट प्लान के प्रावधान के लिए स्थल मूल्यांकन पर रिपोर्ट तैयार करना, संक्षिप्त डिजाइन सहित कंसेप्ट प्लान तैयार करना, फील्ड सर्वे आयोजित करने हेतु परामर्शदायी के लिए लेआउट डिजाइन और आर्किटेक्चरल डिजाइन हेतु आर्किटेक्ट की नियुक्ति। (पुनः आमंत्रित) | 05.06.2024 26.06.2024 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1282251267 pwd-eepd-narnaul@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | वाईडब्ल्यूएस सर्कल फरीदाबाद के तहत कोटला और पोस्सार पम्प हाउसेज के लिए 50 एचपी मोटर स्टार डेल्टा टाइप स्टार्टर 3 अदद ट्रांसफॉर्मर इत्यादि सहित 10 सीएस क्षमता के 6 अदद वीटी पम्प्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 06.06.2024 20.06.2024 | ईएमडी 288000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा फरीदाबाद | छैनसा पम्प हाउस पर ईओटी क्रेन सहित एपीएफसी और अन्य सहायक एक्सेसरीज सहित 1600 एएमपी. के 1 अदद एलटीडीबी और उपयुक्त स्टार्टर पैनल (एटीएस) तथा 150 एचपी मोटर सहित 4 अदद 32 सीएस. एक्सीएल फ्लो पम्प्स सहित पुराने पम्प्स को बदलना। | 06.06.2024 17.06.2024 | ईएमडी 4.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991116944 xen-wsmfbd.irr@gov.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | गांव बन्सा, प्योंट, कतलाहेड़ी और जुंडला हेतु इन्द्री ड्रेन के आरडी 39800/एल पर स्थाई पम्प हाउस हेतु सहायक एक्सेसरीज सहित डिस्चार्ज 5 सीएस वाले 1 अदद वी.टी. पम्प और डिस्चार्ज 10 सीएस प्रत्येक वाले 2 अदद वी.टी. पम्प्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 05.06.2024 12.06.2024 | ईएमडी 1.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991831221 xen-wsmkrl.irr@gov.in |
| 5 | लोनिवि भ व प नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिले में एयरस्ट्रिप बाछोद (नारनौल) पर अतिरिक्त हैंगर का निर्माण। | 06.06.2024 26.06.2024 | 506.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1282251267 pwd-eepd-narnaul@hry.nic.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | मानसून 2024-25 के प्रारम्भ से पहले यांत्रिकी जल सेवाएं उपमंडल, सोनीपत में इलैक्ट्रिक मोटर और 6×6 सेंट्रीफ्यूगल पम्प्स की विशेष मरम्मत + 2 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 14.06.2024 | 25.1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8571804626 xenwsdivnspt@rediffmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/180/26489/I/88/7 दि. 06.06.24

हरियाणा सरकार

"हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (HAPPY) से लाखों परिवारों को सीधे लाभ पहुँचाने का यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है। यह योजना गरीब परिवारों को मुफ्त यात्रा उपलब्ध करने के साथ ही उन्हें आवागमन में सहूलियत प्रदान कर रही है।"

-नायब सिंह



# हरियाणा सरकार द्वारा गरीब परिवारों के सभी सदस्यों को सरकारी बसों में

## प्रतिवर्ष 1000 किलोमीटर तक मुफ्त सफर की सुविधा




## हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना HAPPY



## आज से प्रदेश के सभी 36 डिपो/सब डिपो पर नए कार्ड का वितरण शुरू




नए कार्ड के वितरण हेतु

**राज्य स्तरीय समारोह**

मुख्य अतिथि

# श्री नायब सिंह

मुख्यमंत्री, हरियाणा

**दिनांक - 7 जून, 2024 । समय - सायं 3 बजे**

**स्थान - मंगल सेन ऑडिटोरियम, नजदीक बस अड्डा, करनाल**

नया कार्ड प्राप्त करने या आवेदन हेतु क्यू आर कोड स्कैन करें

हेल्पलाइन नं.
**0172-5200600**

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

**वंचित को वरीयता**

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## तीन दिवसीय कार्यशाला का डीसी ने किया शुभारंभ

# सरकार की नीतियां तभी सार्थक होती है जब पात्र लाभार्थी तक प्रभावी ढंग से उसका प्रचार हो, वक्ताओं ने बताईं कला की बारीकियां

डीसी निशांत कुमार यादव ने कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करने उपरांत अपने संबोधन में कहा कि जनकल्याण की नीतियां बनाना सरकार का काम है लेकिन वो नीतियां तभी सार्थक होती हैं। जब पात्र लाभार्थी तक उसका सीधा प्रचार हो।

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुरुग्राम

सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के गुरुग्राम मंडल से संबंधित भजन पार्टियां, खंड प्रचार कार्यकर्ता तथा सूचीबद्ध पार्टियों को गीत, संगीत व प्रस्तुति की नई विद्याओं में पारंगत करने के उद्देश्य से डीसी निशांत कुमार यादव ने तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया।

यहां सेक्टर 27 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित कार्यशाला में डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार ने पौधा भेंट कर डीसी निशांत कुमार यादव का स्वागत किया। इस दौरान रेवाड़ी के डीआईपीआरओ दिनेश कुमार व झज्जर के डीआईपीआरओ कुलदीप बांगड़ भी उपस्थित रहे।

डीसी निशांत कुमार यादव ने कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करने उपरांत कहा कि जनकल्याण की नीतियां बनाना सरकार का काम है लेकिन नीतियां तभी सार्थक होती हैं, जब पात्र लाभार्थी तक उसका सीधा प्रचार हो। ऐसे में शासन-प्रशासन और आम जनता के बीच सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग से संबंधित भजन पार्टियां, खंड प्रचार कार्यकर्ता तथा सूचीबद्ध पार्टियां अहम रोल अदा करती हैं। उन्होंने कहा कि



बदलते परिवेश के साथ प्रचार के माध्यम में, खासकर शहरी क्षेत्र में व्यापक बदलाव हुए हैं, लेकिन भजन पार्टियों व खंड प्रचार कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाने वाला प्रचार सबसे प्रखर है। उन्होंने कहा कि आज आप लोगों की जिन लोगों के साथ प्रतिस्पर्धा है उनके पास टीवी, रेडियो व मोबाइल जैसे बड़े संसाधन हैं लेकिन आपके पास जो लोक कला है उसकी तुलना किसी से नही की जा सकती। ऐसे में जरूरी है कि प्रचार अमला अपनी फील्ड विजिट का आंकलन करते हुए स्वयं को अपडेट रखे। मौके पर डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार ने आए हुए अतिथियो का स्वागत किया और तीन दिवसीय कार्यशाला की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चंडीगढ़ मुख्यालय से मिले निर्देशों के तहत प्रत्येक वर्ष प्रदेशभर में ऐसी मंडल स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में राज्य सरकार की नीतियों व उपलब्धियों के प्रचार को और अधिक प्रभावी बनाया जाए व मौजूदा वर्ष में सरकार द्वारा जनहित में लिए गए निर्णयों व बनाई गई नीतियों को गीतों का रूप प्रदान किया जाता है।

जितेंद्र मलिक ने अपने व्याख्यान में लोकगीतों व लोक कला पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सीधे मन से मन का संबंध स्थापित करते हैं। अपने गीतों व भजनों के माध्यम से जो कहना चाहते है वह सीधे श्रोताओं के मन मे उतरता है।

---

## खबर संक्षेप

### शिक्षण संस्थाओं में योग प्रशिक्षण शिविर



**गुरूग्राम।** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए सरकारी स्कूलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें शारीरिक शिक्षक तथा आयुष योग सहायक छात्रों को प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास करवा रहे हैं। योग विशेषज्ञ डॉ. भूदेव ने बताया कि गुरुग्राम के शिक्षण संस्थानों में 7 जून तक योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के साथ योग एवं प्राणायाम पर आधारित सेमीनार भी आयोजित किए जा रहे हैं।

### गाजियाबाद में फ्लैट में एसी फटने से लगी आग



**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर एक मे एक बहुमंजिला इमारत के फ्लैट में एसी फट गया। जिससे पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि के फ़ायर स्टेशन वैशाली में रणवीर सिंह ने मकान नंबर-1009 में सुन्धरा घर में आग की सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से अग्निशमन द्वितीय अधिकारी सहित 2 फायर टैंडर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। आग प्रथम तल पर एसी के फटने से लगी थी।

### 2 लाख चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा 85 ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम उमेश है। 5 जून को खेड़ी पुल थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी उमेश ने खेड़ीपुल में बीडी सिगरेट का खोखा लगाने वाले एक व्यक्ति के धोखे से 3 जून की रात 2 लाख चोरी किए थे। पीड़ित ने बताया कि उसने किसी काम के लिए 2 लाख रुपए रखे थे और रात को पैसे खोखे में ही छोड़कर चला गया। आरोपी उमेश उसकी दुकान पर आता और उसने उसे पैसे रखते हुए देख लिया।

### देसी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने अवैध हथियार के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम भूपेंद्र उर्फ छोटा है। क्राइम ब्रांच ने आरोपी को सराय एरिया से अवैध हथियार सहित का काबू किया। उसके कब्जे से एक देसी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ सराय थाने में आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की गई। आरोपी ने हाथरस से 5000 में यह देसी कट्टा खरीद कर लाया था। आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी चोरी तथा आर्म्स एक्ट का एक-एक मुकदमा दर्ज है और वह जेल भी जा चुका है।

---

### 16 जून को दो शिफ्ट में होगी परीक्षा

# यूपीएससी परीक्षा के लिए विडियो कांफ्रेस के जरिए दी गई गाइडलाइन

डीसी ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए यूपीएससी परीक्षा की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। कहा कि आगामी 16 जून को दो शिफ्ट में आयोजित यूपीएससी द्वारा सिविल सर्विस प्रीलिमिनरी परीक्षाओं के लिए किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

**दो शिफ्टों के लिए फरीदाबाद और गुरुग्राम में 80 परीक्षा केंद्र बनाए गए**

**परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं, और साफ - सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश**

***अतिरिक्त सचिव राज कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर बैठक लेते हुए यूपीएससी परीक्षा की तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए***

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद



यूपीएससी के अतिरिक्त सचिव राज कुमार ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर बैठक लेते हुए यूपीएससी परीक्षा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा फरीदाबाद में आयोजित यूपीएससी परीक्षा के लिए वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए परीक्षा की तैयारियों को लेकर जानकारी दी।

वीडियो कांफ्रेंस के उपरांत उन्होंने मौके पर ही लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए यूपीएससी परीक्षा की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आगामी 16 जून दो शिफ्ट में आयोजित यूपीएससी द्वारा सिविल सर्विस प्रीलिमिनरी परीक्षाओं के लिए किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि यूपीएससी द्वारा सिविल सर्विस प्रीलिमिनरी लिखित परीक्षाओं के लिए 16 जून को सुबह 9.30 से 11.30 और दोपहर 2.30 से 4.30 दो शिफ्टों के लिए फरीदाबाद और गुरुग्राम में 80 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अंदर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रो के अंदर जाने पर यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं, बिजली, पंखे, जैमर, पेयजल, शौचालय और साफ-सफाई सहित अन्य उचित व्यवस्था के प्रबंध बारे भी अधिकारी ध्यान रखें और सुरक्षा के दृष्टिगत ऐसी कोई भी परीक्षा सहयोगी सामग्री जो आपत्तिजनक है। उसको केंद्र में अंदर जाने न दें। परीक्षा शुरू होने से आधा घण्टा पहले परीक्षा केंद्र का गेट खुलवाएं और फ्रिस्किंग करने के पश्चात ही परीक्षार्थियों को अंदर जाने दे। यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार परीक्षार्थी अपना ई-एडमिट कार्ड की वेरिफिकेशन के लिए पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड या भारत सरकार द्वारा मान्य कोई भी दस्तावेज जिस पर उनकी फोटो हो साथ ला सकते है। वीसी में डीसीपी जसलीन कौर, एडीसी आनंद शर्मा, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, एसडीएम बडख़ल अमित मान, सीटीएम अंकित कुमार, एसीपी जितेश मल्होत्रा सहित यूपीएससी की परीक्षा से जुड़े अधिकारी गण उपस्थित रहे।

---

### फरीदाबाद ऑपरेशन सर्कल की समीक्षा

# बिजली आपूर्ति में आनी वाली बाधाओं का हो समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फरीदाबाद के अधीक्षण अभियंता एवं कार्यकारी अभियंताओं की ऑपरेशनल रिव्यू बैठक (ओआरसी) बैठक ली। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि बिजली आपूर्ति में आने वाली बाधा को तुरंत ही ठीक करें और न्यूनतम समय में समस्या का समाधान करें। यदि किसी कारण से किसी आपूर्ति की बाधा दूर करने में समय लगता है तो उसकी जांच कर निवारण करें।

सभी को इस पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि ब्रेकडाउन में निर्धारित समय से अधिक समय नहीं लगना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं के हितों एवं बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए आवश्यक टीम, तकनीकी सामान, ट्रांसफार्मर आदि अग्रिम तैयार रखें। उन्होंने बिजली आपूर्ति में आने वाली ब्रेकडाउन के त्वरित समाधान करने का आदेश दिया। प्रबंध निदेशक ने बिजली से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्ता पूर्वक समाधान करने तथा उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उनके संतुष्टिकरण के निर्देश दिए।

इस बैठक में उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा एवं सुचारु बिजली आपूर्ति करने के लिए करवाए जा रहे सभी कार्यों का जायजा लिया।

फरीदाबाद ऑपरेशन सर्कल की ऑपरेशनल रिव्यू बैठक (ओआरसी) के दौरान उपभोक्ता हित में आवश्यक बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए अधिकारियों की कार्य प्रगति का आंकलन किया। उन्होंने संबंधित सर्कल की सभी डिवीजन और सर्कल स्तर पर स्थिति में ओर बेहतरी एवं सुधार करने के निर्देश दिए।

### गौकशी का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

गाजियाबाद। थाना लोनी पुलिस ने गौकशी के वांछित आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। उसके कब्जे से एक तमंचा, गौकशी करने के औजार छुरी व गढासा, एक रस्सा व बैटरी रिक्शा बरामद हुए है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि थाना लोनी पुलिस ने सबलूगढ़ी रोड पर समाधि के पास एक बैटरी रिक्शा पर सवार एक व्यक्ति को चैकिंग के दौरान रोका, तो व्यक्ति बैटरी रिक्शा को लेकर सिलवर सिटी की तरफ जाने वाले रास्ते पर मोड़कर भागने लगा और पुलिस पार्टी ने इसका पीछा किया तो पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी।

---

### लोहे का 1300 किलो सामान व नकद बरामद

# चोरी के मामले में कबाड़ी सहित दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

अपराध शाखा 85 की टीम ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



आरोपियों में विकास उर्फ विकेश तथा शरीफ का नाम शामिल है। दोनों आरोपी बल्लभगढ़ की सुभाष कॉलोनी में रहते हैं। 3 जून को सेक्टर 58 थाने में चोरी के धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी विकास सेक्टर 25 में स्थित एक फैक्ट्री में गाड़ी पर ड्राइवरी करता है। आरोपी विकास 2 जून को पृथला की ओर से गाड़ी में लोहे की रोड़ भरकर फैक्ट्री में ला रहा था जिसने लालच में आकर रास्ते में ही 13 क्विंटल लोहे का सामान गायब कर दिया था और गाड़ी को गुडईयर चौक पर छोड़कर भाग गया था। शिकायत के आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की गई जिसमें क्राइम ब्रांच की टीम ने सफलता हासिल करते हुए आरोपी विकास को गिरफ्तार कर लिया।

### रिमांड पर लेकर की जा रही पूछताछ

# कारपेंटर किशन की हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद



अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने 31 मई की रात चाकू से हमला कर की गई कारपेंटर किशन की हत्या के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों में नाजिम तथा कमल का नाम शामिल है। 31 मई-1 जून की रात आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी आरोपी प्रदीप के साथ मिलकर कारपेंटर किशन की चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। मृतक किशन का दोस्त राजू भी उसके साथ था जिसने उस रात वहां से भागकर अपनी जान बचाई थी। रात के समय किशन और राजू घर से बाहर गए हुए थे। जहां आरोपी नाजिम, कमल तथा प्रदीप भी आए हुए थे। दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और गुस्से में आकर नाजिम ने किशन के सिर पर कांच की बोतल दे मारी।

### निर्धारित फीस जमा करके ही किया जाए विज्ञापन

# अवैध विज्ञापनों के विरुद्ध अभियान द्वारका एक्सप्रेस-वे पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुरुग्राम



नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रदर्शित करने से पूर्व निर्धारित फीस जमा करके स्वीकृति लेना आवश्यक है। बिना स्वीकृति के लगाए जाने वाले अवैध विज्ञापनों के विरुद्ध निगम द्वारा व्यापक अभियान की शुरुआत कर दी गई है। निगम टीमों ने द्वारका एक्सप्रेस-वे पर अवैध विज्ञापनों को हटाने की कार्रवाई की। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शित किए गए होर्डिंग बोर्ड, फ्लेक्स-बैनर आदि को हटाया गया। निगमायुक्त डॉ. नरहरि बांगड़ के निर्देश पर सहायक अभियंता प्रेम सिंह व कनिष्ठ अभियंता सचिन कुमार की टीम ने काफी संख्या में अवैध बैनरों को हटाया। कार्रवाई के दौरान अधीक्षण अभियंता विकास मलिक टीम के साथ संपर्क में रहकर जरूरी दिशा-निर्देश जारी करते रहे। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि हरियाणा म्युनिसिपल एडवर्टाइजमेंट बायलॉज-2022 के तहत विज्ञापन की स्वीकृति के लिए ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करें। इसके तहत निर्धारित फीस का भुगतान करके स्वीकृति प्राप्त करना जरूरी है। बिना स्वीकृति के लगाए जाने वाले विज्ञापनों को हटाने के साथ ही संबंधित पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा तथा विभिन्न नियमों के तहत कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

---

### 72 मीटर ऊंचे हाइड्रोलिक प्लेटफार्म की मांग

# अग्निशमन विभाग के पास आग बुझाने के पुख्ता इंतजाम नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏩ गाज़ियाबाद



गाजियाबाद में आबादी के साथ ही बहुमंजिला इमारतों की संख्या बढ़ रही। जिले में 38-39 मंजिला तक इमारतें हैं, जिनमें आग लगने पर बड़ा हादसा हो सकता है। जिले में भी बीते एक दशक में आबादी कई गुना बढ़ी है, लेकिन आग बुझाने के उपकरणों में बढ़ोतरी नहीं हुई। ऊंची इमारतों में बिल्डर की ओर से आग बुझाने के इंतजाम किए जाते हैं, लेकिन बड़ी आग लगने पर सोसाइटी के इंतजाम नाकाफी हो जाते हैं। अग्निशमन विभाग के पास अभी 42 मीटर तक की उंचाई का हाइड्रोलिक प्लेटफार्म है, जिससे 14 मंजिला तक आग बुझाई जा सकती है। जनपद के लिए 72 मीटर ऊंचे हाइड्रोलिक प्लेटफार्म की मांग एक साल की जा रही, लेकिन अब तक इस दिशा में सकारात्मक उम्मीद नजर नहीं आ रही।

### पीएम मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को आगे बढ़ाते हुए

## पचास हजार फलदार पौधे लगा चुके हैं, जो वृक्ष बनकर फल दे रहे

# औद्योगिक व शिक्षण संस्थान, सामाजिक संगठनों की माध्यम से विक्टोरा लाइफ फाउंडेशन लगाएगा तीस हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

असंतुलित पर्यावरण, बढ़ते प्रदूषण, भीषण गर्मी, बीमारियों की चपेट में आते लोग जैसे गंभीर समस्याओं का समाधान सिर्फ पेड़ लगाना है और इसी बात की चिंता करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस का थीम भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण व सूखे पर रखा गया है। उक्त बाते ट्री मैन एसएस बांगा ने पीएम मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत करते हुए कहा।

बांगा ने कहा कि विगत कई वर्षों से विक्टोरा लाइफ फाउंडेशन कई पार्क विकसित करने की साथ-साथ लगभग पचास हजार फलदार व छायादार पौधे लगाए जो वृक्ष बनकर आम जनमानस को फल और छाया देने का काम कर रहे हैं। पर्यावरण जानकार बता रहे हैं कि वर्षों बाद दुनिया प्रकृति का हीट वेव यानि नौतपे का कहर देख रही है। भीषण गर्मी के कारण भारत में लोग ब्रेन स्ट्रोक से मर रहे है। ये सब आज कटते हुए पेड़ और प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ की वजह से हुई है। ट्रीमैन बांगा ने कहा कि हम संकल्प करते हैं फरीदाबाद में अपने संस्था के कर्मचारियों एवं अन्य संस्थाओं और संगठनों की साथ मिल कर शहर को हरियालीयुक्त पर्यावरण देने का प्रयास करेंगे। फरीदाबाद शहर प्रदूषण के मामले में काफी आगे है, हम सभी पेड़ लगाकर प्रदूषण को कम करने का प्रयास भी करेंगे। उन्होंने बताया कि वो पौधे को लगाकर उसकी अपने बच्चों जैसी देखभाल करते है जिससे वो पौधे बड़े होकर वट वृक्ष बनते हैं।



बांगा ने लाइफ फाउंडेशन के द्वारा इस वर्ष 2024 में सेल्फी विथ प्लांटेशन 3.0 ड्राइव को और बड़ा करते हुए हमारे पीएम नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को लेकर तीस हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया है, जिसकी शुरुआत विक्टोरा पार्क की पास बड़े जोहड़ की किनारे आरडब्ल्यूए झाड़सेंतली, सेक्टर-58 पुलिस स्टेशन, आरबीएम, आरएमपी, चेरी वायर, निरंकारी ग्रप, शाइन मेटल, यूनि कोटर, बोनी, एचआरएम हैमर के साथ मिल कर अलग-अलग जगहों पर 250 पौधे लगा कर की।

खबर संक्षेप

## विधानसभा अध्यक्ष ने दी बिधूड़ी को शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्य



रामवीर सिंह बिधूड़ी गुरूवार को जब विधानसभा भवन पहुंचे तो उनका हार्दिक स्वागत किया गया। विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल और भाजपा विधायकों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। यह संयोग है कि विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल और नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी दिल्ली की पहली विधानसभा के लिए 1993 में सदस्य चुने गए थे और अब भी दोनों विधायक हैं। रामनिवास गोयल ने बिधूड़ी को उनकी नई पारी के लिए शुभकामनाएं दीं। भाजपा विधायकों ने भी नेता विपक्ष कार्यालय में बिधूड़ी का उत्साह से स्वागत किया। उन्होंने पुष्प गुच्छ भेंट करके उन्हें जीत की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## बारिश और आंधी, पारे में गिरावट से मिली राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को आई तेज आंधी व बारिश के बाद गुरुवार को दिल्ली के मौसम में बदलाव देखने को मिला। न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री नीचे 41.2 डिग्री सेल्सियस रहा। दूसरे दिन भी दिल्ली में कई जगह तेज हवाएं और बूंदाबांदी हुई। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में पूर्वानुमान के अनुसार मौसम बना रहा। आईएमडी ने बताया कि गत 24 घंटे में दिल्ली में करीब 1.2 मिमी बारिश दर्ज हुई। दिल्ली में नजफगढ़ में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

### केजरीवाल के आवास पर पार्टी विधायकों और वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद राय ने कहा

# सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था आप और कांग्रेस का गठबंधन : गोपाल राय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस के साथ उनकी पार्टी का गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था और उन्होंने संकेत दिया कि सत्तारूढ़ पार्टी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में अकेले ही चुनाव मैदान में उतरेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर पार्टी विधायकों और वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद राय ने पत्रकारों से कहा कि पार्टी ने लोकसभा चुनाव में 'इंडिया' को पूरा समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए था। कई दलों ने मिलकर चुनाव लड़ा था और



'आप' भी इसका हिस्सा थी। फिलहाल दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कोई गठबंधन नहीं हुआ है। दिल्ली में लोकसभा चुनाव में 'आप'-कांग्रेस गठबंधन को एक भी सीट नहीं मिली, जबकि भाजपा ने रिकॉर्ड तीसरी बार सभी सात संसदीय सीट पर जीत का परचम लहरा दिया।

## दिल्ली में हार के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने की समीक्षा बैठक, कन्हैया व आप से गठजोड़ पर दिखी नाराजगी



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों में एक बार फिर बुरी तरह मात खा चुकी कांग्रेस ने अपनी हार के कारणों को जानने की कोशिश शुरू की है। इसी कड़ी में गुरुवार को प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया व प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में हार को लेकर चर्चा और भविष्य की रणनीति पर चर्चा हुई। सूत्रों की मानें तो बैठक में एक बार फिर यह मुद्दा उठा कि लोकसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी से गठबंधन व उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से कन्हैया कुमार को टिकट देना कांग्रेस को भारी पड़ा है। बैठक में गठबंधन के तहत कांग्रेस व आप के सभी सातों उम्मीदवारों की बुरी तरह हुई पर मंथन हुआ। भविष्य की रणनीति के तहत बैठक में कई नेताओं ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को अकेले चुनाव लड़ना चाहिए। बैठक में प्रभारी बावरिया ने इस मुद्दे पर कहा कि हार के कई अन्य कारण भी हो सकते हैं जिन्हें हम गंभीरता से तलाश रहे है। आने वाले दिनों में प्रदेश कांग्रेस दिल्ली में हार को लेकर पूरी रिपोर्ट आला कमान को भेजेगी। प्रदेश अध्यक्ष यादव ने बैठक में कहा कि कार्यकर्ताओं ने खुब मेहनत की है बावजूद इसके सफलता नहीं मिलना गंभीरता से मंथन का विषय है। यादव ने बैठक में कहा कि आगामी चुनावों से पहले हमें संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर देना होगा जिसके लिए प्रत्येक बूथ पर अपने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर पार्टी की विचारधारा और क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को लोगों में पहचान बनाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपनी पहचान बनाकर लोगों को बताना होगा कि कांग्रेस पार्टी ही उनके भविष्य में काम आएगी क्योंकि कांग्रेस की दिल्ली सरकार ने 15 वर्षों के शासन में दिल्ली का जो विकास किया था वह 2014 के बाद लगभग रुक गया है। यादव ने कहा कि भाजपा ने 2014, 2019 और 2024 में लगातार दिल्ली में एक को छोड़कर मौजूदा सांसदों को टिकट इसलिए नहीं दिया क्योंकि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में सिर्फ खोखले, बेबुनियाद और अधूरे वायदे करके जनता को गुमराह किया। उन्होंने कहा कि जिला व ब्लाक अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर हर बूथ पर सक्रियता के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरी दिल्ली में महंगाई, बेरोजगारी, भाजपा सरकार की 10 साल की नाकामी व गलत नीतियों को उजागर करेंगे।

## लोकसभा चुनाव में हमें हर वर्ग का पहले से अधिक मिला है समर्थन : सचदेवा



**नई दिल्ली।** हर चुनाव में जीत के लिए समाज के हर वर्ग का समर्थन जरूरी होता है और इस चुनाव में हमें हर वर्ग का समर्थन पहले से अधिक मिला है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सांसद योगेन्द्र चंदोलिया, वरिष्ठ नेता राजकुमार चौहान, दिल्ली भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा एवं मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर की उपस्थिति में आयोजित एक प्रेसवार्ता में उक्त बातें कही। सचदेवा ने कहा है कि इस चुनाव में भाजपा ने आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के इंडिया गठबंधन को धराशाही किया है तो उसमे सबसे बड़ा योगदान दिल्ली के अनुसूचित समाज एवं सिख मतदाताओं का भी है। मीडिया रिलेशन विभाग प्रमुख विक्रम मित्तल भी उपस्थित थे। सचदेवा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने दो अनुसूचित जाति प्रत्याशी उतारे पूर्व सांसद उदित राज और कोंडली विधायक कुलदीप कुमार। उदित राज जहां लगभग 3 लाख मतों से बुरी तरह हारे तो विधायक कुलदीप कुमार अपने विधानसभा क्षेत्र कोंडली में भी बुरी तरह हारे। सचदेवा ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के प्रेम एवं आशीर्वाद के बल पर दिल्ली में भाजपा बवाना, मंगोलपुरी, मादीपुर करोल बाग, पटेल नगर, देवली, गोकुलपुर, त्रिलोकपुरी एवं कोंडली आरक्षित विधानसभा क्षेत्र बड़े मत अंतरों से जीती है तो वहीं, अम्बेडकर नगर मात्र 903 वोट से तथा सीमापुरी एवं सुल्तानपुरी पहले से बहुत छोटे मत अंतर से हारी। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि 2024 में तीसरी बार दिल्ली लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के लिए अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं संगठन मंत्री पवन राणा ने आरक्षित एवं सिख बहुल क्षेत्र पर स्वयं फोकस रखा और आज सुखद परिणाम सबके सामने है।

## आईपी यूनिवर्सिटी का एडमिशन फ़ेयर कल

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी ने नए सत्र के विभिन्न प्रोग्राम के आवेदकों एवं संभावित आवेदकों के दाखिले से जुड़ी उलझनों को सुलझाने के लिए कल, 8 जून को द्वारका कैम्पस में एक एडमिशन फ़ेयर का आयोजन किया है। आईपीयू के जनसंपर्क अधिकारी नलिनी रंजन ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि एक सत्र में आयोजित इस एक दिवसीय एडमिशन फ़ेयर में इस यूनिवर्सिटी के नए सत्र से जुड़े प्रोग्राम के आवेदक या संभावित आवेदक आकर दाखिले से जुड़े सवालों का जवाब पा सकते हैं। इस एडमिशन फ़ेयर में आए हुए आवेदकों एवं संभावित आवेदकों के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए यूनिवर्सिटी के एडमिशन ब्रांच की पूरी टीम वहां उपस्थित होगी। यूनिवर्सिटी के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल की टीम वहां ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के बारे में जानकारी देगी। छात्र कल्याण निदेशालय की टीम यूनिवर्सिटी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न छात्र कल्याण योजनाओं के बारे में बताएगी।

## निगम कर्मियों का वेतन जारी नहीं किया तो भाजपा करेगी आंदोलन : इकबाल सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की आम आदमी पार्टी की सरकार ने अगर जल्द से जल्द निगम के अनुबंधित डीबीसी कर्मियों का वेतन नहीं जारी किया तो भाजपा बड़ा आंदोलन करेगी। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने गुरूवार को निगम के जनस्वास्थ्य विभाग में कार्यरत अनुबंधित डीबीसी कर्मियों को पिछले तीन माह से वेतन न दिए जाने के मुद्दे पर निगम महापौर डॉ शैली ओबरॉय पर निशाना साधते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि निगम के जनस्वास्थ्य विभाग में सन 1996 से कार्यरत लगभग 3100 अनुबंधित कर्मचारी पिछले तीन माह से अपने वेतन का इन्तजार कर रहे हैं किंतु निगम की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के कानों पर जूं भी नहीं रेंग रही है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि तीन महीनों तक वेतन न मिलने से कर्मियों का मनोबल गिरा हुआ है जिससे उनके कार्य करने की क्षमता में कमी आना स्वाभाविक है।

## तिवारी का कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन



**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली से तीसरी बार सांसद चुने जाने पर मनोज तिवारी का उत्तर पूर्वी जिले के कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को यमुना विहार स्थित जिला कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर अभिनंदन किया गया तो वहीं नवीन शाहदरा जिले के कार्यकर्ताओं ने बेस्ट ज्योति नगर स्थित शिव मंदिर के विशाल सभागार में विजय उत्सव मनाया। कार्यक्रमों के दौरान सांसद मनोज तिवारी का अभिनंदन किया और कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ-साथ जमकर आतिशबाजी की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, लोकसभा चुनाव प्रभारी रहे भाजपा नेता विष्णु मित्तल, निगम नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह, जिला अध्यक्ष पूनम चौहान, आनंद त्रिवेदी सौरभ चातक सहित जिला पदाधिकारी निगम पार्षद मंडल अध्यक्ष से लेकर बूथ स्तर तक के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूसा संस्थान ने प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित



**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा संस्थान) के डॉ बी.पी. पाल सभागार में गुरूवार को देशभर के प्रगतिशील किसानों के सम्मान के लिए किसान सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें इस वर्ष 6 राज्यों के 7 किसानों को अध्येता किसान (फेलो फार्मर) तथा 22 राज्यों के 33 किसानों को नवोन्मेषी किसान (इनोवेटिव फार्मर) पुरस्कार से सम्मानित किया। इसमें 8 राज्यों से 9 किसान महिलाएं, 6 आदिवासी किसान भी शामिल किए। इस दौरान पुरस्कार से सम्मानित किसानों ने अपनी सफलता की कहानी सुनाई। इस कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उपमहानिदेशक (कृषि प्रसार) डॉ यू.एस. गौतम, पूसा संस्थान के निदेशक डॉ ए.के. सिंह, संस्थान के सभी संयुक्त निदेशक तथा सभी संभाध्यक्ष एवं कृषि के विद्यार्थी उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि सम्मानित किसानों को परस्पर संवाद करने का मौका मिलेगा वहीं विशेषज्ञों को भावी अनुसंधान की दिशा तय करने तथा विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। संस्थान के निदेशक डॉ ए.के. सिंह और संयुक्त निदेशक (प्रसार) डॉ आर.एन. पड़ारिया के नेतृत्व में आयोजित किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान प्रतिवर्ष लगभग 40 किसानों को चिह्नित कर सम्मानित करता है। संस्थान में वर्ष 2008 से नवोन्मेषी किसान सम्मान तथा वर्ष 2012 से अध्येता किसान सम्मान की शुरुआत की गई। अब तक देशभर के विभिन्न राज्यों के 400 से अधिक किसानों को भा.कृ.अ.सं.-अध्येता किसान तथा नवोन्मेषी किसान के रूप में सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर 4 पद्मश्री से सम्मानित किसानों को भी आमंत्रित किया गया है।

# एनडीएमसी ने पर्यावरण के प्रति किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने पर्यावरण के लिए सतत जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रभावशाली कार्यक्रमों के साथ नई दिल्ली में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। विश्व पर्यावरण दिवस की पहल में एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव, उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय और नई दिल्ली को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए समर्पित विभिन्न सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। जनपथ मार्केट से सिंगल-यूज प्लास्टिक (एसयूपी) को खत्म करने की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में, एनडीएमसी ने जनपथ मार्केट में बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे स्थित 'आइडिएशन सेंटर' का उद्घाटन किया, जिसे 'विकल्प हाट' के नाम से भी जाना जाता है, जो हर शनिवार और रविवार को शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक चालू रहेगा। यह पहल "व्हाई वेस्ट वेडनसडे" और कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज, दिल्ली की एनएसएस इकाई के सहयोग से आयोजित की गई थी।

एनडीएमसी ने बातया कि इसके अलावा पालिका बाजार में होम कम्पोस्टिंग और स्रोत स्थल पर ही कूड़े को अलग करने को बढ़ावा, खान मार्केट में कचरा संग्रहण कार्यक्रम एक विचारोत्तेजक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी इस अवसर पर किया गया, जिसमें दर्शकों को वार्तालाप में शामिल किया गया और साथ ही जिम्मेदार कचरा प्रबंधन का संदेश दिया गया।

मुलाकात...



## विजयी सातों भाजपा सांसद पहुंचे राजनिवास, उपराज्यपाल से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में सातों सीटों पर विजयी हुए सातों भाजपा सांसद गुरुवार को राजनिवास में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मिलने पहुंचे। जीत दर्ज करने के बाद सभी सांसदों की यह पहली औपचारिक मुलाकात है। इनमें मनोज तिवारी, रामवीर बिधूड़ी, बांसुरी स्वराज, योगेंद्र चंदोलिया, हर्ष मल्होत्रा, कमलजीत सहरावत और प्रवीण खंडेलवाल शामिल है। राजनिवास से जुड़े सूत्रों ने बताया कि महामहिम से मिलने पहुंचे सांसदों को उपराज्यपाल ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई और शुभकामनाएं दी। एलजी ने सांसदों से कहा कि दिल्ली ने आप पर भरोसा किया है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि आप मिलकर राजधानी की बेहतरी के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि दिल्ली में मल्टीपल एजेंसियां है ऐसे में सांसदों की भी अहम भूमिका रहती है। सूत्रों के अनुसार सांसदों ने एलजी का धन्यवाद करते हुए दिल्ली व देश हित में कार्य करने का भरोसा दिया है। इस मौके पर दिल्ली के कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

# पानी देने के संबंध में न्यायालय के आदेश का आतिशी ने किया स्वागत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने हिमाचल प्रदेश को राष्ट्रीय राजधानी के लिए अधिक पानी छोड़ने का निर्देश देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का बृहस्पतिवार को स्वागत किया और इसे दिल्ली की जनता की 'जीत' बताया। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को हिमाचल प्रदेश सरकार को निर्देश दिया था कि उसके पास उपलब्ध 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी जल संकट से जूझ रही दिल्ली के लिए छोड़ा जाए। न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार को कोई आपत्ति नहीं है और वह अतिरिक्त पानी छोड़ने को तैयार है। पीठ ने निर्देश दिया कि हरियाणा हिमाचल प्रदेश द्वारा छोड़े जाने वाले अतिरिक्त जल को राष्ट्रीय राजधानी तक पहुंचाने में सहयोग करे। आतिशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'मैं इस अभूतपूर्व जल संकट के दौरान दिल्ली की जनता के साथ खड़ा होने के लिए उच्चतम न्यायालय को सलाम



करती हूं। ऐसे समय में सभी चीजों से ऊपर समन्वित प्रयासों की जरूरत है और उच्चतम न्यायालय का आदेश दिल्ली की जनता और पानी के उनके अधिकार की जीत है।' राष्ट्रीय राजधानी जलसंकट से जूझ रही है और दिल्ली सरकार हरियाणा पर उसके हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगा रही है। शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि हरियाणा दिल्ली को कम पानी दे रहा है।

उन्होंने कहा कि इसलिए, हमने हिमाचल प्रदेश सरकार से बातचीत की। मैंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से बातचीत की और वह दिल्ली को पानी देने के लिए तैयार हैं। लेकिन हरियाणा सरकार पानी के यहां तक पहुंचने के लिए राह नहीं दे रही थी, जिसने दिल्ली सरकार को उच्चतम न्यायालय में जाने को बाध्य किया।

### ओबरॉय ने शिकायतों को निपटाने के दिए निर्देश

# सफाई व्यवस्था को लेकर सभी जोन उपायुक्तों के साथ महापौर ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की सफाई व्यवस्था की समीक्षा करने के उद्देश्य से दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने उपमहापौर, आले मोहम्मद इकबाल और नेता सदन मुकेश गोयल के साथ सभी जोन के उपायुक्तों के साथ गुरूवार को निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में बैठक की। यहां महापौर ने कहा कि दिल्ली की सफाई व्यवस्था बदहाल है और इस तरफ ईमानदारी से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम के पास सीमित संसाधन हैं जिनका अधिकतम और कुशलतम उपयोग करने की जरूरत है और इसके लिए सभी को मिलकर एक



रणनीति के तहत काम करना होगा। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था से जुडी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।

वहीं, अधिकारियों ने महापौर को बताया कि विभिन्न ज़ोनो में कंसेशनर का टेंडर निकट भविष्य में खत्म हो रहा है जिससे सफाई का कार्य बाधित हो रहा है। इसके अलावा सफाई कर्मियों की कमी भी एक बड़ा कारण है। वेस्ट जोन के अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में अनाधिकृत इलाकों में काफी निर्माण कार्य हुआ है और सीएंडडी वेस्ट अवैध डपिंग की समस्या बढ़ी है। साथ ही यहां 7 वार्ड के लिए केवल 2 ही ढलाव घर है जिसके कारण सफाई व्यवस्था बनाये रखने में दिक्कत आ रही है। इस दौरान नेता सदन मुकेश गोयल ने बताया कि आजादपुर में सफाई व्यवस्था बदहाल है और यहां बड़ी संख्या में सब्जियां धोयी जाती है जिसके कारण उसका गाद दिल्ली नगर निगम की नालियों को ब्लॉक कर रहा है।

### दर्जनों शिकायतों के बाद भी नहीं हो रही सफाई

निगम की महापौर हेल्पलाइन और एमसीडी 311 ऐप पर नालियों की सफाई को दर्जनों शिकायतें की गई हैं लेकिन फिर भी नरेला जोन इलाके में सफाई नहीं हो रही है। बख्तावरपुर वार्ड के सिंघु गांव में नालियों का पानी गलियों में भरा रहता है। बुधवार रात हुई बारिश के दौरान ही सिंघु गांव के प्रवेश द्वार पर जलभराव हो गया।

## जल संकट के बीच गंदी राजनीति के लिए केजरीवाल सरकार को कभी माफ नहीं करेंगी जनता : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल सरकार को उनके जल संकट के बीच गंदी राजनीति के लिए कभी माफ नहीं करेंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरूवार को केजरीवाल सरकार को लेकर यह बातें कही। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत किया है, जिसमें हिमाचल प्रदेश को दिल्ली को अधिक जल जारी करने के लिए निर्देशित किया गया है। भाजपा ने दिल्ली सरकार से हिमाचल प्रदेश से अधिक जल मांगने की अपील की थी, लेकिन यह कभी नहीं किया। आज हमारे सही होने का सबूत मिला है।

## दिल्ली की जनता को जल संकट से निजात दिलाने के लिए राजनीति से ऊपर उठे सरकारें : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार बने हुए जल संकट को लेकर एक बार फिर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि दिल्ली की जनता को जल संकट से निजात दिलाने के लिए सरकारों को राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करना चाहिए। यादव ने कहा कि इस भीषण गर्मी में भी दिल्ली के लोग पीने के पानी को परेशान है, जिससे कांग्रेस चिंतित है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सरकार चाहे कोई भी हो उसका पहला कर्तव्य यह होना चाहिए कि अपने व दलगत नफा नुकसान दरकिनार कर आम लोगों के बारे में कार्य करना चाहिए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तुषार शर्मा पुत्रः** राजेन्द्र शर्मा **निवासीः** डब्ल्यूजेड–104, प्लाट नं.–127, विष्णु गार्डन, दिल्ली, ने **FIR No. 114/2017, U/s 25/54/59 Arms Act, पुलिस स्टेशन राजौरी गार्डन, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तुषार शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तुषार शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 114/2017, U/s 25/54/59 Arms Act, पुलिस स्टेशन राजौरी गार्डन, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **तुषार शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.07.2024** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री मिलन गोयल**
**मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट–2,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/6818/WD/2024**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **आमिर, पुत्रः** अकिल, **पताः** जाकिर का होटल, खलील कबाड़ी की दुकान के पास, कल्याण सिनेमा वाली गली नंबर 02, चौहान बांगर दिल्ली। दूसरा पताः बुध बाजार मोहल्ला अमरोहा जिला अमरोहा, ने **FIR No. 570/2019, U/s 392/411/34 IPC, पुलिस थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आमिर,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आमिर,** फ़रार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **आमिर,** केस **FIR No. 570/2019, U/s 392/411/34 IPC, पुलिस थाना जाफराबाद, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.07.2024** को या उससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आयुषी सक्सेना एल.डी.**
**महानगर मजिस्ट्रेट कमरा नं. 48**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/6878/NE/2024**
**(Court Matter)**

चिंतन

# दागी नेताओं का संसद पहुंचने का द्वार बंद हो

देश में चुनाव दर चुनाव राजनीतिक व चुनाव सुधार की चर्चा होती है। लेकिन चुनाव में जीत कर आने वाले जनप्रतिनिधियों के बारे में जब जानकारी मिलती है, तो निराशा होती है। पता चलता है कि न तो धनबल के प्रयोग पर अंकुश लगा है, न अपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों के चुनकर आने पर रोक लग पाई है और न ही ज्यादा से ज्यादा धनकुबेरों को ही प्रत्याशी बनाने की प्रवृति पर लगाम लगी है। 18वीं लोकसभा के लिए जीत कर आए 543 सांसदों द्वारा पर्चा भरने के समय चुनाव आयोग की दी गई जानकारी का 'एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने विश्लेषण किया है, जिसमें कहा गया है कि नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों में 46 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। कहने का तात्पर्य कि 543 सदस्यों में से 251 सांसदों पर आपराधिक आरोप हैं। केंद्रीय चुनाव आयोग आपराधिक रिकार्ड वाले नेताओं के खिलाफ सख्त हैं, सुप्रीम कोर्ट की स्पष्ट गाइडलाइन है। उच्चतम न्यायालय ने 13 फरवरी, 2020 को संविधान के अनुच्छेद 129 तथा अनुच्छेद 142 का उपयोग करते हुए सभी राजनीतिक दलों को अपने विधानसभा और लोकसभा उम्मीदवारों के संपूर्ण आपराधिक इतिहास को प्रकाशित करने का आदेश दिया था। इस आदेश का आशय राजनीति को आपराधिक छवि वाले नेताओं से मुक्त करना था। पर ऐसा नहीं हुआ। 2019 में हुए आम चुनाव में करीब 43 फीसदी जनप्रतिधि आपराधिक रिकार्ड वाले थे, जबकि 2014 में 185 (34 प्रतिशत), 2009 में 162 (30 प्रतिशत) तथा 2004 में 125 (23 प्रतिशत) थे। विश्लेषण के मुताबिक 2009 के बाद से आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा करने वाले सांसदों की संख्या में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2024 में जीतकर आने वाले सांसदों में 93 फीसदी करोड़पति हैं, जो 2019 के 88 प्रतिशत के मुकाबले पांच प्रतिशत अधिक है। इस बार चुनाव के दरम्यान हजारों करोड़ की नकदी जब्त की गई थी। ये सभी चीजें दर्शाती हैं कि हमारा चुनाव धनबल व बाहुबल से मुक्त नहीं हो पाया है। गंभीर अपराध के मामलों वाले सदस्यों की संख्या 2009 से 124 प्रतिशत बढ़ गई है। इस बार तो आतंकवाद के आरोपित दो लोग भी सांसद चुनकर आए हैं। अब तक चुनाव सुधार पर तारकुंडे समिति (1974-75) व दिनेश गोस्वामी समिति (1990), राजनीति के अपराधीकरण पर वोहरा समिति (1993), चुनावों में राज्य वित्तपोषण पर इंद्रजीत गुप्ता समिति (1998), चुनाव सुधारों पर विधि आयोग की रिपोर्ट (1999) व चुनाव आयोग की रिपोर्ट (2004), चुनाव कानूनों और चुनाव सुधार पर तनखा समिति (2010) आदि ने अपनी सिफारिशें दी हैं। जिनके आधार पर सजायाफ्ता के चुनाव लड़ने पर रोक, दो से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध और उम्मीदवार की मौत पर चुनाव स्थगित न होना, ईवीएम, वीवीपैट, नोटा, चुनावी खर्च पर सीलिंग, पोस्टल बैलेट व तकनीक के प्रयोग आदि सुधार किए गए हैं। इसके बावजूद आरोपित अपराधियों के चुनाव लड़ने व अपराधिक रिकार्ड वाले नेताओं के सांसद बनने पर रोक नहीं लग पाई है। चुनाव आयोग के साथ राजनीतिक दलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि जिन नेता पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं, उन्हें वे टिकट ही न दें। राजनीतिक दल चाहेंगे तो अपराधियों के चुनाव लड़ने का द्वार बंद हो सकता है।



मोदी 3:0 सरकार
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अब तेज आर्थिक विकास की चुनौती

**18वीं लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब बनने वाली एनडीए के तीसरे कार्यकाल की नई सरकार देश को आर्थिक विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाएगी। केंद्रीय सांख्यिकी संगठन ने वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर 8.2 फीसदी रहने संबंधी रिपोर्ट जारी की है। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के मुताबिक आर्थिक व वित्तीय बाजार मजबूत हो रहे हैं। भारत के वित्तीय और गैर वित्तीय क्षेत्रों के दमदार बही-खाते भारत की आर्थिक ताकत बढ़ा रहे हैं। इन सबके साथ नई सरकार के सामने आर्थिक विकास की नई रणनीति से देश की आर्थिकी को मजबूती देते हुए तेजी से आगे बढ़ाने की चुनौती होगी।**

4 जून को 18वीं लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब बनने वाली एनडीए के तीसरे कार्यकाल की नई सरकार देश को आर्थिक विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाएगी। निश्चित रूप से देश को एक बेहतर आर्थिक परिवेश के साथ बेहतर मानसून की सौगातें विरासत में मिलते हुए दिखाई दे रही हैं । स्थिति यह है कि देश की बेहतर आर्थिक के परिप्रेक्ष्य में दुनिया की क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां यह कहते हुए दिखाई दे रही हैं कि भारत में कोई भी सरकार बने अब आर्थिकी तेज गति से मजबूत होगी। उल्लेखनीय कि हाल ही में केंद्रीय सांख्यिकी संगठन ने वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर 8.2 फीसदी रहने संबंधी रिपोर्ट जारी की है। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के मुताबिक आर्थिक व वित्तीय बाजार मजबूत हो रहे हैं। भारत के वित्तीय और गैर वित्तीय क्षेत्रों के दमदार बही-खाते भारत की आर्थिक ताकत बढ़ा रहे हैं। रिजर्व बैंक के द्वारा भारत सरकार को दिया गया रिकॉर्ड लाभांश, वैश्विक आर्थिक संगठनों के द्वारा भारत के विकास के नए-नए प्रभावी विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इन सबके साथ- साथ नई सरकार से देश की अर्थव्यवस्था को नई शक्ति मिलने की संभावनाओं से देश की अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ने के शुभ संकेत देते हुए दिखाई दे रही है।

गौरतलब है कि हाल ही में दुनिया की प्रसिद्ध क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, तेज आर्थिक सुधार और बढ़ती राजकोषीय मजबूती के मद्देनजर भारत की रेटिंग को स्थिर यानी स्टेबल से बदलकर पॉजिटिव कर दिया है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि पिछले तीन साल में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की औसत वास्तविक वृद्धि दर 8.1 फीसदी सालाना रही है और अब यह विकास दर अगले तीन साल में लगातार 7 फीसदी के करीब होगी। दुनिया के प्रसिद्ध इन्वेस्टमेंट बैंकर गोल्डमैन सैक्स ने अपनी नई रिपोर्ट में कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत की विकास दर को बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष में विकास दर बढ़ने संबंधी अन्य महत्वपूर्ण नई रिपोर्टों के तहत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष- आईएमएफ ने 6.8 प्रतिशत , एशियाई विकास बैंक -एडीबी ने 7 प्रतिशत तथा विश्व बैंक ने 7.5 प्रतिशत विकास दर रहने के अनुमान व्यक्त किए हैं। देश और दुनिया के प्रमुख अर्थ विशेषज्ञों का मत है कि भारत की विकास दर आगामी दशक तक 6.5 से 7 प्रतिशत के स्तर पर दिखाई देगी। विभिन्न आर्थिक रिपोर्टों में इस बात को भी रेखांकित किया जा रहा है कि भारत में वर्ष 2023-24 में प्रत्यक्ष कर (डायरेक्ट टैक्स) संग्रह 17.7 फ़ीसदी बढ़कर 19.58 लाख करोड रुपए हो गया है। इसी तरह से 2023- 24 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) उच्चतम स्तर पर रहा है। इसका आकार 20.18 लाख करोड रुपए रहा है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 11.7 फ़ीसदी अधिक है। कर संग्रह के ये चमकीले आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था में तेज उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट सेक्टर की आमदनी में वृद्धि को दर्शाते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि जिस तरह से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के द्वारा हाल ही में भारत सरकार के लिए अब तक के सबसे अधिक लाभांश की राशि सुनिश्चित की गई है, वहीं दूसरी



ओर देश के शेयर बाजार ने पिछले 10 वर्षों में जो ऊंचाइयां प्राप्त की हैं, उससे दुनिया भर में भारत के नए तेज विकास की नई संभावनाएँ आगे बढ़ी हैं।

रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये लाभांश देने की मंजूरी दी है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में सरकार ने रिजर्व बैंक और सरकारी बैंकों के लाभांश से 1.02 लाख करोड़ रुपये मिलने का अनुमान लगाया था। ऐसे में 'रिजर्व बैंक द्वारा दिया जाने वाला लाभांश बजट अनुमान की तुलना में 107 फीसदी ज्यादा है। यह एक तरह से सरकार के लिए मौजूदा वित्त वर्ष में 1.09 लाख करोड़ रुपये के अप्रत्याशित लाभ जैसा है। इतना ही नहीं रिजर्व बैंक ने पहली बार आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया गया है, जो पहले 6 फीसदी था। रिजर्व बैंक ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, इसीलिए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आकस्मिक जोखिम बफर बढ़ाकर 6.5 फीसदी करने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक के द्वारा सरकार को रिकॉर्ड लाभांश के दिए जाने के निर्णय और वैश्विक आर्थिक संगठनों व वैश्विक क्रेडिट एजेंसियों के द्वारा वर्ष 2024-25 में भारत की ऊंची विकास दर के अनुमानों के बाद भारतीय शेयर बाजार को लाभ मिला। यह उल्लेखनीय है कि शेयर बाजार और निवेशकों को उम्मीद थी कि 4 जून के लोकसभा चुनाव परिणामों से भाजपा और एनडीए को भारी बढ़त मिलेगी, लेकिन चुनाव में भारी अनुमान के मुताबिक ऊंचाई नहीं होने के कारण शेयर बाजार की उम्मीदें पूरी नहीं हो पाई हैं। फिर भी यह कोई छोटी बात नहीं है कि बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पांच लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंचने के साथ ही भारत इस मुकाम तक पहुँचने वाला दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा देश बन गया है। कोरोनाकाल के बाद भारतीय घरेलू खुदरा निवेशकों की रूचि शेयर बाजार में बढ़ी है। साथ ही पिछले 10 साल में डीमेंट अकाउंट 2.3 करोड़ से बढ़कर 15 करोड़ हो गए हैं और म्यूचुअल फंड-निवेशकों की संख्या 1 करोड़ से बढ़कर 4.5 करोड़ हो गई है। स्थिति यह है कि पिछले 10 साल में शेयर बाजार कहां से कहां पहुंच गया है। लाखों छोटे निवेशक आज उत्साहपूर्वक बाजार से जुड़े हैं। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार है और वैश्विक निवेशकों का भरोसा भी भारत के शेयर बाजार पर बढ़ा है।

अब ऐसी आर्थिक मजबूती से देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि होगी। यह देश की उत्पादक क्षमता बढ़ाएगा और वृद्धि की संभावनाओं को बेहतर करेगा। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत के प्रति बढ़ते आर्थिक आकर्षण से न केवल देश में ज्यादा एफडीआई लाने में मदद मिलेगी, बल्कि यह विदेशी कंपनियों और निवेशकों को इस बात के लिए भी प्रोत्साहित करेगा कि वे भारत से हुई कमाई को फिर भारत में ही निवेश करने के लिए तत्पर रहें। इससे भारत में कारोबारी माहौल में सुधार होगा। यह सुधार उन घरेलू निवेशकों को भी बड़े पैमाने पर निवेश बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा जो अभी किनारे बैठकर निवेश करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। एफडीआई का एक महत्त्वपूर्ण पहलू यह भी है कि विदेशी निवेशक तकनीकी विशेषज्ञता भी लाते हैं।

निश्चित रूप से वर्ष 2023-24 में विकास दर के 8.2 प्रतिशत रहने, शेयर बाजार के बढ़ने, रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये का बंपर लाभांश दिए जाने से नई सरकार को व्यय प्रबंधन में खासी मदद मिलेगी। वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में सरकार ने 5.1 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रखा है। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 तक राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.5 प्रतिशत पर लाना चाहती है। इन सबके साथ- साथ नई सरकार के सामने आर्थिक विकास की नई रणनीति से देश की आर्थिकी को मजबूती देते हुए तेजी से आगे बढ़ाने की चुनौती होगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस
बाल मुकुन्द ओझा



# सबको पौष्टिक आहार सुनिश्चित हो

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस हर वर्ष 7 जून को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और खाद्य जनित रोगों पर नियंत्रण के उपायों को प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष की थीम सुरक्षित भोजन बेहतर स्वास्थ्य रखी गई है। मानव जीवन के लिए खाद्य पदार्थों की सुरक्षा अति महत्वपूर्ण है। लोगों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का प्रकृति प्रदत अधिकार है। राज्य का दायित्व है कि प्रकृति की ओर से प्रदान किए गए अधिकारों का संरक्षण और संवर्धन करे। खाद्य सुरक्षा का अधिकार भी इसमें शामिल है। भारत ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक विकास किया है और यह विश्व की सबसे तेज़ी से विकास करती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था की विभिन्न उपलब्धियों के बावजूद देश में गरीबी और खाद्य असुरक्षा की स्थिति अभी भी चिंता का विषय है। खाद्य या आहार को किसी व्यक्ति के भरण-पोषण, विकास और वृद्धि के लिए मूलभूत आवश्यकता माना जाता है।


देश में खाद्य सुरक्षा एक प्रमुख चिंता का विषय है। 2022 में, वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक ने खाद्य सुरक्षा के मामले में भारत को 113 प्रमुख देशों में से 68वें स्थान पर रखा। 2023 में, ग्लोबल हंगर इंडेक्स ने भारत को 125 देशों में से 111वें स्थान पर रखा। इससे स्थिति का पता चलता है। देश में भुखमरी की यह स्थिति है कि सरकार करीब 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज कोरोना काल से ही दे रही है, यह अभी आगे भी जारी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में हर साल चार लाख बीस हजार लोग दूषित खाने की वजह से अकाल मौत के शिकार हो जाते हैं। दुनियाभर में लगभग 10 में से एक व्यक्ति दूषित भोजन का सेवन करने से बीमार पड़ जाता है जो कि सेहत के लिए एक बड़ा खतरा है। इस वर्ष 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस हम ऐसे समय में मनाने जारहे है जब भारत भूख और गरीबी के दल दल से बाहर निकलने के लिए निरंतर प्रयासरत है। खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य पूरी दुनिया में विशेष रूप से संकट के समय खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना है। खाद्य पदार्थ की बर्बादी प्रमुख समस्या बन गई है। दुनिया भर में सभी खाद्य पदार्थों का लगभग 50 प्रतिशत बर्बाद हो जाता है और कभी भी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचता है। मानव उपभोग के लिए लगभग एक तिहाई भोजन विश्व स्तर पर बर्बाद हो जाता है। दुनिया में लाखों लोग भूखे पेट सोने को मजबूर है या आधा पेट खाकर जीवन जीते हैं, वही कुछ ऐसे भी लोग हैं जो बहुत सारा भोजन बर्बाद कर देते हैं। विकासशील देशों में सबसे अधिक अन्न सही रख-रखाव न हो पाने के कारण भी बर्बाद हो जाता हैं जो बेहद चिंतनीय है। अन्न या भोजन की बर्बादी के प्रति हम सबको जागरूक होना चाहिए और दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए ताकि एक सशक्त समाज और देश का निर्माण हो सके।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने अपनी फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट 2023 में देश और दुनिया का ध्यान भोजन की बर्बादी की ओर दिलाया है। रिपोर्ट के अनुसार खाने के लिए उपलब्ध भोजन का 17 प्रतिशत बर्बाद हो गया और लगभग 69 करोड़ लोगों को खाली पेट सोना पड़ा था। खाने की बर्बादी को लेकर दुनियाभर में चिंता व्यक्त की जा रही है। यही भोजन यदि गरीबों को सुलभ कराया जाये तो भूखे पेट सोने वालों की कमी आएगी। भारत भी खाना बर्बाद करने वाले देशों में शामिल है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने खाने की बर्बादी को लेकर डराने वाले आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक भारत में हर साल प्रति व्यक्ति 50 किलो खाने की बर्बादी हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा खाना लोग अपने घरों के भीतर बर्बाद करते हैं। वे जरूरत से ज्यादा खाना बनाकर फिर बचे खाने को फेंकते संकोच नहीं करते। होटलों और खाने-पीने के दूसरे स्थान भी इस कार्य में आगे है। खुदरा दुकानदार भी अनाज का ठीक से भंडारण नहीं कर पाते और खराब होने पर उसे फेंकना पड़ जाता है। आपने कई बार सुना होगा कि लोग अपना खाना बर्बाद करते हैं या आपने अपने घर में सुना होगा कि, आपके माता-पिता हमेशा आपको खाने को बर्बादी न करने की सलाह देते हैं, क्योंकि वे बखूबी समझते है कि खाना उनके लिए क्या माइने रखता है। एक कहावत बड़ी प्रचलित है कि इतना ही लो थाली में जो ना जाए नाली में। लेकिन आज इस बात पर कोई ध्यान नहीं देता है। अभी भी हमारे देश के कई राज्यों जैसे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड जैसे राज्य भुखमरी से जूझ रहे हैं। केवल बातें करने से न खाद्य सुरक्षा होगी और न ही भूखे को खाना मिलेगा। अब जबकि केंद्र में मोदी सरकार की वापसी हुई है, तो कठिन वैश्विक चुनौतियों के बावजूद अपने देश में सबके लिए न केवल खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी, बल्कि पौष्टिक आहार के साथ स्वास्थ्य की रक्षा भी करनी होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित
दर्शन

एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

# महिमा राम नाम की



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कम्पनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ्रीजर रूम में खट खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अबकी बार सरकार की कठिन होगी राह

हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि सरकारें आएंगी, जाएंगी, पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी, मगर यह देश रहना चाहिए, क्योंकि देश सर्वोपरि है और एक राजनेता को प्राथमिक तौर पर अपने देश के लिए पूरी निष्ठा से काम करना चाहिए। लोकतंत्र में जनता जनार्दन सर्वोपरि होती है। सभी राजनीतिक दलों को जनता के फैसले का सम्मान करना चाहिए। इस बार के लोकसभा चुनाव में जिन राजनीतिक दलों को जीत हासिल हुई है, उन्हें बिना किसी भेदभाव के आमजन के लिए गंभीरता से काम करना चाहिए, और जिन्हें हार मिली, उन्हें आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से सत्ता पक्ष के सामने रखना चाहिए।

*- कृष्णा साहू, दुर्ग*

## ट्रेंड

### मुलाकात की



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के मुलाकात की और ईसीआई द्वारा जारी अधिसूचना की प्रति, 18वीं लोकसभा के चुनावों के बाद लोक सभा के लिए चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं, प्रस्तुत की गई।

-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### अनमोल उपहार



मुझे एक पेड़ माँ के नाम अभियान शुरू कर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मैं देशवासियों से आग्रह करता हूं कि वे अपनी माँ के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं। ये आपकी तरफ से उन्हें एक अनमोल उपहार होगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### वादे को पूरा करेंगे



तिरुपति में आपने आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा देने का वादा किया था। क्या वह वादा अब पूरा होगा? क्या विशाखापट्टनम स्टील प्लांट के निजीकरण को अब रोकेंगे? क्या बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देकर चुनावी वादे को पूरा करेंगे?

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### चैटजीपीटी चित्रण



वान गफ़की तारों भरी रात और प्रबुद्धता के क्षण में बुद्ध का चैटजीपीटी चित्रण? मैंने चैटजीपीटी से बुद्ध के ज्ञानोदय के क्षण का वर्णन करने को कहा। इसने एक छवि बनाई। मैंने इसके लिए नहीं कहा था तो जाहिर है कि चैटजीपीटी मुझे जान रहा है।

-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# तालिबान ने 63 लोगों को मारे कोड़े, संरा ने की निंदा



अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने बुधवार को सारी पुल प्रांत में तालिबान द्वारा एक दर्जन से अधिक महिलाओं सहित 60 से अधिक लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाने की निंदा की। यूएनएएमए ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक बयान में कहा कि अफगानिस्तान के अधिकारियों ने मंगलवार को कम से कम 63 लोगों को कोड़े मारे। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों का सम्मान करने के लिए कहा। तालिबान के उच्चतम न्यायालय ने एक बयान में 14 महिलाओं समेत 63 लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाने की पुष्टि की। इन लोगों पर अप्राकृतिक यौन उत्पीड़न, चोरी और अनैतिक संबंधों जैसे अपराधों में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। उन्हें एक खेल स्टेडियम में कोड़े मारे गए। तालिबान ने एक उदार शासन देने के वादों के बावजूद, 2021 में फिर से सत्ता पर काबिज होने के बाद सार्वजनिक रूप से कठोर दंड देना शुरू कर दिया। वे लोगों को किसी भी अपराध के लिए फांसी, कोड़े मारना और पत्थर मारने जैसे दंड देते हैं। तालिबान के 1990 के दशक के शासन में भी यही होता था।

## ऑफ बीट

# अंतरिक्ष के अजीब रेडियो सिग्नल से वैज्ञानिक हैरान



जब खगोलशास्त्री हमारी रेडियो दूरबीनों को अंतरिक्ष की ओर मोड़ते हैं, तो कभी-कभी ब्रह्मांड के विशाल विस्तार से उत्पन्न होने वाली रेडियो तरंगों के छिटपुट विस्फोटों का पता चलता है। हम उन्हें 'रेडियो क्षणिकाएं' कहते हैं: कुछ केवल एक बार फूटते हैं, फिर कभी नहीं देखे जाते हैं, और अन्य पूर्वानुमानित पैटर्न में टिमटिमाते और बुझते रहते हैं। हमारा मानना है कि अधिकांश रेडियो क्षणिकाएं घूमते हुए न्यूट्रॉन सितारों से आती हैं जिन्हें पल्सर के नाम से जाना जाता है, जो ब्रह्मांडीय प्रकाशस्तंभों की तरह रेडियो तरंगों की नियमित चमक उत्सर्जित करते हैं। आमतौर पर, ये न्यूट्रॉन तारे अविश्वसनीय गति से घूमते हैं, प्रत्येक घूर्णन को पूरा करने में मात्र कुछ सेकंड या सेकंड का एक अंश भी लेते हैं। हाल ही में, हमने एक रेडियो क्षणिक की खोज की है जो खगोलविदों द्वारा पहले देखी गई किसी भी चीज़ से अलग है। न केवल इसका चक्र लगभग एक घंटे लंबा है (अब तक देखा गया सबसे लंबा), बल्कि कई अवलोकनों के दौरान हमने इसे कभी-कभी लंबी, उज्ज्वल चमक, कभी-कभी तेज़, कमजोर लहर उत्सर्जित करते हुए देखा - और कभी-कभी कुछ भी नहीं।

## दिल्ली की हार पर राज्य कांग्रेस प्रमुख बोले

# आप के साथ गठबंधन मजबूत नहीं था, इसमें सुधार करना होगा

## हार-जीत पर नेताओं की बयानबाजी शुरू, भाजपा में भी असंतोष के सुर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद अपनी हार-जीत का आकलन कर रही हैं। कई राज्यों में सवाल यह भी उठ रहे हैं कि इंडिया गठबंधन या एनडीए को किन राज्यों में फायदा या नुकसान हुआ। ऐसे में अगर बात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की करें तो यहां आप और कांग्रेस पार्टी ने गठबंधन में लड़ी थी, लेकिन इसके बावजूद दिल्ली की सातों सीटों में से दोनों पार्टियों को किसी भी सीट पर जीत हासिल नहीं हो सकी। सभी सीटों पर फिर से भाजपा ने जीत दर्ज की है। इसमें सुधार करना होगा।

### दिल्ली में अकेले विसचुनाव लड़ेगी आप

दिल्ली में विधायकों के साथ बैठक के बाद आम आदमी पार्टी ने बड़ा फैसला लिया है। पार्टी ने बयान जारी कर कहा, आप दिल्ली में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए था। गुरुवार को पार्टी ने अपने सभी विधायकों को मुख्यमंत्री आवास पर मीटिंग के लिए बुलाया था। मौजूदा समय में 70 विधानसभा सीटों पर आप के 62 विधायक हैं। आम आदमी पार्टी ने भाजपा अध्यक्ष के बयान पर निशाना साधा। आप नेताओं का कहना है कि पार्टी जाति या धर्म में निहित किसी भी राजनीति की कड़ी निंदा करती है। हम समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं जिससे सभी को लाभ हो।

**सांसद इंद्रजीत बौखलाए**

### झूठा था भाजपा का 400 पार वाला नारा



लोकसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा की आंतरिक फूट अब सामने आने लगी हैं। हरियाणा में पार्टी की सीटें पिछले चुनाव के मुकाबले आधी हो गई हैं। इस बीच केंद्र सरकार के मंत्री और सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि भाजपा का 400 पार वाला नारा झूठा था। उन्हें हरियाणा इकाई से कोई सहयोग ही नहीं मिला। अगर उनके ग्रामीण कार्यकर्ताओं का साथ न मिलता तो वो भी गुरुग्राम सीट पर हार ही जाते। यहां कांग्रेस प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली थी।

**नतीजों ने बिगाड़ा खेल**

उन्होंने कहा कि पार्टी का 400 पार वाला नारा झूठा निकला है। मीडिआ वाले मुझसे पूछते थे कि क्या 400 पार होगा या नहीं, तो मैं नतीजों से पहले कैसे कुछ बोलता, सच यह है कि राज्य में कुछ ठीक नहीं चल रहा।

**उधर, सियासी दलों के अपने अपने दावे**



### टीएमसी के संपर्क में हैं 3 सांसद

कोलकाता। एनडीए के सरकार बनाने की कवायद के बीच तृणमूल कांग्रेस ने दावा है कि भाजपा के 3सांसद उनके संपर्क में हैं। बंगाल में भाजपा के तीन सांसद उनकी पार्टी के संपर्क में हैं।

**शरद पवार ने कहा**

### अजित गुट के 19 विधायक मेरे साथ



मुंबई। चुनाव के बाद महाराष्ट्र विधानसभा में बड़ी सियासी हलचल है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) का दावा है कि अजित पवार गुट के 18-19 विधायक उनके संपर्क में हैं।

**पार्टी के नए सांसदों से मिले शिंदे**

### 4 सदस्यों के साथ आने की बात कही



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों से मिले। इस बीच सीएम शिंदे ने कहा कि 4 माननीय हमारे संपर्क में हैं। फिलहाल इसका खुलासा नहीं किया है।

---

## खबर संक्षेप

### रेवन्ना की कस्टडी 10 जून तक बढ़ी

**बेंगलुरु।** प्रज्वल रेवन्ना की कस्टडी बढ़ा दी गई है। कोर्ट ने जेडी(एस) के निलंबित नेता को 10 जून पुलिस की कस्टडी में रखने के आदेश दिए हैं। इससे पहले 31 मई को कोर्ट ने 6 जून तक पुलिस को रेवन्ना की कस्टडी सौंपी थी। रेवन्ना को कोर्ट में पेश किया गया, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 10 जून तक प्रज्वलकी कस्टडी बढ़ा दी है। जन प्रतिनिधि न्यायालय ने हिरासत में भेजा है।

### पुलिस-बीएमसी की टीम पर पथराव, कई जख्मी

**मुंबई।** पवई के एक झुग्गी इलाके में बृहन्मुंबई नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने बवाल कर दिया। इस दौरान कार्रवाई करने पहुंचे पुलिसकर्मियों और बीएमसी के अधिकारियों पर पर पथराव किया गया। इस दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। बताया गया कि दोपहर करीब 1 बजे हुई घटना के तुरंत बाद बीएमसी ने अतिक्रमण विरोधी अभियान रोक दिया।

### नीट यूजी परीक्षा, सुप्रीम कोर्ट पहुंचे कई छात्र

**नई दिल्ली।** पेपर लीक होने की खबरों के बीच अभ्यर्थियों के एक समूह ने नए सिरे से नीट यूजी 2024 परीक्षा कराने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। नीट-यूजी पांच मई को आयोजित की गई थी। सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस और आयुष तथा अन्य संबंधित कोर्सेज में दाखिले के लिए एनटीए द्वारा नीट-यूजी का आयोजन किया जाता है।

---

## भाजपा के सहयोगी दलों ने दिखाई एकजुटता, एक सुर में बोले

# एनडीए के साथ हम 'दीवार' की तरह खड़े, कमियों पर करेंगे विचार मंथन

चुनाव में स्पष्ट बहुमत किसी दल को नहीं मिला। एनडीए गठबंधन के पास तो बहुमत का आंकड़ा है। लेकिन इंडी गठबंधन के पास बहुमत का आंकड़ा नहीं है। 9 जून को पीएम मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इस बीच बयानबाजियों का बाजार भी खूब गरम है। सभी दल अपनी-अपनी जुगत लगाते दिखाई दे रहे हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव खत्म हो चुका है। चुनाव के परिणाम भी आ चुके हैं। स्पष्ट बहुमत किसी दल को नहीं मिला। हालांकि, एनडीए गठबंधन के पास तो बहुमत का आंकड़ा है। लेकिन इंडी गठबंधन के पास बहुमत का आंकड़ा नहीं है। 9 जून को पीएम मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इस बीच बयानबाजियों का बाजार भी खूब गरम है।

राजद नेता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि इस सरकार में जेडीयू की अहम भूमिका होने जा रही है। नीतीश कुमार महात्मा गांधी के विचारों को मानने वाले हैं। जो मुद्दे हैं उस पर जेडीयू ने अपनी स्थिति साफ कर दी है और वह दीवार की तरह भाजपा का सहयोग करेगी। हालांकि अग्निवीर, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा, जातीय जनगणना आदि मुद्दे हैं, जिन पर जेडीयू अपना नजरिया जाहिर कर सकती है। बिहार को मिलने वाले विशेष लाभ पर भी ध्यान देना चाहिए।

**अफवाहों का बाजार भी गरम**

सरकार बनाने के लिए दिल्ली में चल रही बड़ी कवायद

पिछले दरवाजे से समर्थक दल भी लाभ लेने की कोशिश में लगे हैं

### एनडीए के पास बहुमत का आंकड़ा, फिर भी समर्थक दलों ने दिखाया जोर



**उपमुख्यमंत्री सिन्हा ने कहा**

### नीतीश सदैव साथ रहेंगे, भ्रामक खबरें फैलाई जा रहीं



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार बिहार में हमेशा प्रमुख भूमिका में रहे हैं। वे एनडीए का हिस्सा थे, हैं और रहेंगे। जनादेश एनडीए के पक्ष में मिला है इसलिए जो चोर दरवाजे से ताक-झांक करते रहते हैं वे सफल नहीं होंगे, उनकी मंशा कभी पूरी नहीं होगी। यूपी सरकार में मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि आरक्षण और संविधान बदलने को लेकर अफवाहें फैलाई गईं।

**उपमुख्यमंत्री सम्राट और ललन की दो टूक**

### हम सभी एनडीए के घटक और सदैव साथ खड़े रहेंगे



इसके अलावा बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि देश की जनता ने 292 सीट देकर नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनने का मौका दिया है और यह इतिहास में पहली बार है जब लगातार तीसरी बार कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री बन रहा है। हमने समीक्षा की है। नीतीश कुमार बिहार के नेता हैं। बिहार के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार दोनों प्रतिबद्ध हैं। वहीं जेडीयू सांसद राजीव रंजन(ललन) सिंह ने कहा कि जेडीयूसंसदीय दल की बैठक शुक्रवार सुबह 9:30 बजे होनी है। हम लोग एनडीए के साथ हैं और पूरी मजबूती के साथ हैं। पूरी मजबूती के साथ एनडीए के साथ रहेंगे।

**यूपी में हार के बाद हड़कंप**



### प्रदेशाध्यक्ष चौधरी ने की इस्तीफे की पेशकश

**लखनऊ/ नई दिल्ली।** हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को पहले से लगभग आधी सीटें ही मिल सकी हैं। यहां पार्टी को बड़ा नुकसान हुआ है। अब इस हार के बाद भाजपा में हलचल थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य में हार के बाद भाजपा में मंथन का दौर शुरू हो गया है। चुनाव की हार के बाद सभी बड़े नेता दिल्ली पहुंचे गए हैं। संभावना जताई जा रही है कि दिल्ली में यूपी को लेकर बड़ी बैठक होगी। इससे पहले इस्तीफों का दौर भी शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेश में भाजपा के ख़राब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने इस्तीफे की पेशकश की है। इसके पहले महाराष्ट्र में इस तरह का माहौल देखा गया है।

---

**दिल्ली उच्च न्यायालय का अहम फैसला**

## सीआईसी सांसदों के 'फंड' के इस्तेमाल पर नहीं बोल सकता



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) को सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना (एमपीलैड्स) कोष के इस्तेमाल के संदर्भ में टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम का दायरा सार्वजनिक प्राधिकरणों के नियंत्रण में सूचना तक पहुंच प्रदान करने तक ही सीमित है। अदालत ने सीआईसी द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों को हटा दिया। सीआईसी को सार्वजनिक प्राधिकार के कामकाज पर प्रतिकूल टिप्पणी करने का हक नहीं है।

### दुरुपयोग पर रोक लगनी चाहिए

हालांकि, इसने संबंधित निधि के सांसद-वार, निर्वाचन क्षेत्रवार और कार्यवार विवरण का खुलासा करने के सीआईसी के निर्देश को बरकरार रखा। अपने आदेश में, सीआईसी ने पाया कि कुछ सांसद अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष के लिए अपने एमपीलैड्स निधि को जान-बूझकर बचाए रखते हैं ताकि अगले चुनावों से पहले काम कराकर उसका चुनावी लाभ प्राप्त किया जा सके। सीआईसी ने संबंधित मंत्रालय को सुझाव दिया कि वह इस फंड के दुरुपयोग को रोके।

**भूनिर्माण कार्य के कारण बदलाव**

## संसद भवन में गांधी-आंबेडकर की प्रतिमा का स्थान बदला



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एक बार फिर भाजपा पर निशाना साधा है। दरअसल, संसद भवन में भूनिर्माण कार्य के कारण महात्मा गांधी, बीआर आंबेडकर, छत्रपति शिवाजी महाराज सहित अन्य मूर्तियों को स्थानांतरित कर दिया गया है। भूनिर्माण कार्य के कारण आदिवासी नेता बिरसा मुंडा और महाराणा प्रताप की मूर्तियों को भी हटाया गया है। सभी मूर्तियों को अब एक साथ पुराने संसद भवन और संसद पुस्तकालय के बीच एक लॉन में रखा गया है। कांग्रेस ने इस काम की आलोचना की है। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने इस पर आपत्ति जताई है। उन्होंने एक्स पर कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा गांधी और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की मूर्तियों को ससंद भवन के उनके प्रमुख स्थानों से हटा दिया गया है। यह अपमानजनक है।

---

## पेज एक का शेष

### 9 को शाम 6 बजे...

उसके बाद एनडीए के सांसदों की सयुंक्त बैठक हो सकती है। इसके उपरांत एनडीए की तरफ से राष्ट्रपति के सामने सरकार बनाने का दावा रखा जाएगा। सूत्रों के अनुसार दिल्ली पहुंचे यूपी भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नड्डा के सामने इस्तीफे की पेशकश की है। उधर पश्चिम बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने बयान दिया है कि पार्टी पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मान दे। घोष की सीट बदल दी गई थी, उनकी हार हुई है और वे नाराज हैं। गुरुग्राम से सांसद राव इंद्रजीत ने भी हरियाणा भाजपा की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जतायी है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ भी दिल्ली पहुंचे हैं। यूपी में भाजपा को तगड़ा झटका लगा है और योगी से पार्टी हाईकमान खुश नहीं है।उधर, एनडीए के बड़े घटक जेडीयू ने अग्निवीर योजना की समीक्षा की बात कहकर सरकार गठन से पहले ही दबाव बनाने की शुरुआत कर दी है।

### फडणवीस ने इस्तीफे ...

हैं। अगर ऐसा होता है तो भाजपा के लिए यह एक बड़ा चैलेंज होगा क्योंकि महाराष्ट्र में अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

### 4 सांसदों पर एक मंत्री ...

दूर किया जाए। यूसीसी पर हम खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सभी हितधारकों से बात करके इसका समाधान निकाला जाना चाहिए। त्यागी के बयान को नीतीश की प्रेशर पॉलिटिक्स के तौर पर देखा जा रहा है।

### हिमाचल प्रदेश...

जाने वाला अतिरिक्त जल छोड़े ताकि वहां जारी जल संकट को कम किया जा सके। न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार उसके पास उपलब्ध 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दिल्ली के लिए छोड़ने को तैयार है। एक क्यूसेक (घन फुट प्रति सेकंड) प्रति सेकंड 28.317 लीटर तरल प्रवाह के बराबर होता है। पीठ ने कहा कि क्योंकि हिमाचल प्रदेश को कोई आपत्ति नहीं है और वह उसके पास उपलब्ध अतिरिक्त पानी छोड़ने के लिए तैयार है, इसलिए हम निर्देश देते हैं कि हिमाचल प्रदेश उसके पास उपलब्ध अतिरिक्त पानी में से 137 क्यूसेक पानी छोड़े, ताकि पानी हथिनीकुंड बैराज और फिर वहां से दिल्ली पहुंच सके। पीठ ने हिमाचल प्रदेश को निर्देश दिया कि वह हरियाणा को पूर्व सूचना देकर सात जून को पानी छोड़े। ऊपरी यमुना नदी बोर्ड (यूवाईआरबी) हथिनीकुंड में आने वाले अतिरिक्त पानी को मापेगा ताकि इसे वजीराबाद और दिल्ली तक पहुंचाया जा सके।

**हरियाणा में पेयजल संकट का ठोस साक्ष्य नहीं:** पीठ ने कहा कि बोर्ड की ओर से दर्ज की गई चर्चाओं से यह स्पष्ट है कि बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों/हितधारकों ने इस बात का खंडन या सवाल नहीं उठाए कि दिल्ली में असाधारण गर्मी के हालात हैं जिससे पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। अदालत ने कहा कि बोर्ड ने दर्ज किया कि हरियाणा भी इसी प्रकार की भीषण गर्मी के हालात से जूझ रहा है परन्तु न्यायालय के समक्ष ऐसा कोई ठोस साक्ष्य नहीं है कि हरियाणा में पेयजल का गंभीर संकट है।

**हरियाणा ने जवाब नहीं दिया:** पीठ ने कहा कि यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि बोर्ड का मानना है कि दिल्ली की पेयजल की मांग को पूरा करने के लिए उसको 150 क्यूसेक अतिरिक्त पानी की आवश्यकता है। लेकिन हमें कोई जवाब नहीं मिला।

**हरियाणा में असाधारण गर्मी:** पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) विक्रमजीत बनर्जी से कहा कि यह एक अस्तित्वपरक (भौगोलिक कारणों के चलते) समस्या है। एएसजी ने बैठक के विवरण का हवाला दिया और कहा कि हरियाणा ने भी यह बात कही है कि वहां भी इसी प्रकार की असाधारण गर्मी के हालात हैं जिसके कारण ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पानी की अत्यधिक मांग है। पीठ ने हरियाणा की ओर से पेश अधिवक्ता से कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने स्वीकार किया है कि उनके पास अतिरिक्त पानी उपलब्ध है।

**पानी को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए:** पीठ ने कहा कि पानी हिमाचल प्रदेश से आता है हरियाणा से नहीं। सवाल केवल पानी के प्रवाह का है। कृपया इस मुद्दे पर अड़ियल रवैया न अपनाएं। यह एक गंभीर समस्या है। यदि हम इसका संज्ञान नहीं लेंगे तो यह बिल्कुल भी उचित नहीं होगा।

**यह है पूरा मामला:** शीर्ष अदालत दिल्ली सरकार द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हरियाणा को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वह हिमाचल प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय राजधानी को उपलब्ध कराया जाने वाला अतिरिक्त जल छोड़े ताकि वहां जारी जल संकट को कम किया जा सके। इस मामले में तीन जून को सुनवाई करते हुए न्यायालय ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए पांच जून को यूवाईआरबी की एक आपात बैठक बुलाने को कहा था। बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि पांच जून को एक बैठक बुलाई गई थी और दिल्ली में जल संकट से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

### सोमवार को स्थिति...

सुनिश्चित करने को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को मिलने वाला पानी व्यर्थ न हो। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दिल्ली सरकार और हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश सहित प्रतिवादी सोमवार तक अपना अनुपालन हलफनामा दाखिल करेंगे। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 जून की तारीख तय की।

### फर्जी मुठभेड़...

गई। अदालत शुक्रवार को सजा सुनाएगी। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर 1995 में यह मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था। एजेंसी ने 1999 में आरोप पत्र दायर किया। 21 साल बाद 7 फरवरी 2020 को आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि मुकदमे के दौरान एजेंसी ने 32 गवाह पेश किए, जिनमें प्रत्यक्षदर्शी भी शामिल थे। प्रवक्ता ने कहा कि गवाहों ने ठोस सबूत दिए कि दिलबाग सिंह और गुरबचन सिंह ने गुलशन कुमार को उसके घर से अगवा कर अवैध हिरासत मेंबंदी बनाकर रखा और 22 जुलाई, 1993 को उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा, "प्रस्तुत साक्ष्यों से पता चलता है कि आरोपी पुलिस अधिकारियों ने हत्या को मुठभेड़ के रूप में अंजाम दिया, तथा साक्ष्यों व दस्तावेजों से दोषी पुलिस अधिकारियों द्वारा गढ़ी गई झूठी कहानी से पर्दा हट गया।" पुलिस ने परिवार को सूचना दिए बिना 22 जनवरी 1993 को तरनतारन में कुमार के शव को दफना दिया।

### टिप्पणी से नाराज ...

मुंबई के लिए शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जब चैकिंग कर रही थीं तो वहां उपस्थित सीआईएसएफ में तैनात महिला सुरक्षा कर्मी ने जब उनसे पूछा कि मैडम आप भाजपा से जीती हैं। आपकी पार्टी किसानों के लिए कुछ क्यों नहीं कर रही। इसको लेकर बहस हो गई। इसके बाद आरोप लग रहे है कि सीआईएसएफ की महिला कर्मी ने उन्हें थप्पड़ मार दिया। हालांकि एयरपोर्ट से सीईओ की ओर से जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही मामले में महिला जवान को निलंबित कर दिया गया है।

**कंगना ने वीडियो जारी कर जताई चिंता:** कंगना ने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि नमस्ते दोस्तों, मुझे बहुत सारे फोन आ रहे हैं, मीडिया के भी और मेरे शुभचिंतकों के भी। सबसे पहले तो मैं आपको बता दूं कि मैं सुरक्षित हूं। आज चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर जो हादसा हुआ। सिक्योरिटी चेक के दौरान जैसी ही मैं निकली तो दूसरे कमरे से एक महिला सुरक्षाकर्मी निकली और उन्होंने साइड से आकर मेरे फेस पर हिट किया और मुझे गालियां देने लगीं। जब मैंने उनसे पूछा कि आप ऐसा क्यों कर रही हैं तो उनका कहना था कि वो किसान आंदोलन की समर्थक है। मैं सुरक्षित हूं और मेरा सवाल यह है कि जो आतंकवाद और उग्रवाद पंजाब में बढ़ रहा है, हम उससे किस प्रकार से निपटेंगे।

### शेयर बाजार के 'खेल'...

जाँच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की तत्काल स्थापना करनी चाहिए। जाँच जेपीसी को सौंपना चाहिए। आननफानन में बुलाये गए पत्रकार वार्ता में राहुल गाँधी ने कहा, ये पहला मौका है जब प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री ने स्टॉक मार्केट पर कमेंट किया है। राहुल ने कहा पीएम ने पहले 19 मई और फिर 28 मई कहा कि शेयर बाजार 4 जून को सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा तो गृह मंत्री ने कहा 4 जून से पहले शेयरों की खरीदारी कर लें शेयर बाजार नई ऊँचाई पर पहुंचेगा। यही संदेश वित्त मंत्री ने भी दिया। राहुल गांधी ने कहा भारतीय शेयर बाजार के इतिहास का ये सबसे बड़ा घोटाला है।

**क्या है पूरा मामला:** दरअसल शनिवार एक जून को लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के चुनाव खत्म होने के बाद एग्जिट पोल जारी किया गया। एग्जिट पोल में लगातार तीसरी बार भारी बहुमत के साथ केंद्र में मोदी सरकार की वापसी की भविष्यवाणी की गई। एक दिन बाद सोमवार 3 जून को जब शेयर बाजार खुला तो बाजार ने इतिहास रच दिया। एक ही सेशन में बीएसई सेंसेक्स 2507 अंक या 3.39 फीसदी के उछाल के साथ 76 हजार 469 अंकों पर तो एनएसई निफ्टी 733 अंकों के उछाल के साथ 23 हजार 263 के लेवल पर जाकर बंद हुआ। इस एक सेशन में बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 426.24 लाख करोड़ रुपये पर चला गया जो एग्जिट पोल के एक दिन पहले 412.12 लाख करोड़ रुपये पर क्लोज हुआ था। एक ही सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 14.12 लाख करोड़ रुपये का उछाल देखने को मिला था। लेकिन 4 जून मतदान की जैसे ही गिनती शुरू हुई और रूझान आने शुरू हुए शेयर बाजार औंधे मुंह जा लुढ़का। सेंसेक्स में एक ही सेशन में 6300 और निफ्टी में 2000 से ज्यादा अंकों की गिरावट देखने को मिली। दिन के कारोबार के दौरान निवेशकों के संपत्ति में 45 लाख करोड़ रुपये की कमी आ चुकी थी। लेकिन निचले लेवल से बाजार थोड़ा रिकवर हुआ और बीएसई सेंसेक्स 4389.73 अंकों की गिरावट के साथ 72,079 अंकों पर क्लोज तो निफ्टी 1379.40 अंकों की गिरावट के साथ 21,884.50 अंकों पर क्लोज हुआ। इस एक सेशन में निवेशकों को 31 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 394.83 लाख करोड़ रुपये पर जाकर क्लोज हुआ है जो पिछले कारोबारी सत्र में 426 लाख करोड़ रुपये के लेवल पर क्लोज हुआ था।

**मार्केट क्रैश पर पॉलिटिकल वॉर:** बाजार में इस गिरावट के चलते रिटेल निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। अब ये पूरा मामला राजनीतिक रंग ले चुका है। राहुल गांधी ने कहा कि 1 जून को झूठे एग्जिट पोल जारी किये गए। भाजपा को पता था कि उन्हें चुनावों में 220 सीटें आ रही है जबकि खुफिया विभाग ने 200 से 220 तक सीटें मिलने की जानकारी सरकार को दी थी। राहुल गांधी ने बताया कि 31 मई को बाजार में जोरदार वॉल्यूम देखा गया जिसमें घरेलू और विदेशी निवेशकों ने जमकर निवेश किया और ये ऐसे लोग थे जिन्हें पहले से इसका अंदेशा था। उन्होंने बताया कि 3 जून को शेयर बाजार सभी रिकॉर्ड तोड़ कर ऊपर चला जाता है और 4 जून को बाजार निचले स्तर पर गिर जाता है।

**राहुल ने पूछे सरकार से सवाल:** राहुल गांधी ने कहा ये शेयर बाजार के इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला है। उन्होंने सवालों की झड़ी लगाते हुए पूछा, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने क्यों 5 करोड़ परिवार जो शेयर बाजार में निवेश करते हैं उन्हें निवेश करने की सलाह दी और क्या ये उनका काम है? क्यों दोनों ही इंटरव्यू एक ही बिजनेस हाउस के चैनल को दिया जिसपर सेबी की जांच चल रही है? तीसरा भाजपा की फेक एग्जिट पोल और फर्जी विदेशी निवेशकों के बीच क्या रिश्ता है जिन्होंने एग्जिट पोल के एक दिन पहले निवेश किया और मोटा मुनाफा बनाया। राहुल गांधी ने इस पूरे मामले की जेपीसी से जांच की मांग करते हुए कहा कि ये एक घोटाला है और कुछ लोगों ने हजारों करोड़ रुपये इसमें बनाये हैं, देश के निवेशकों को योजनाबद्ध तरीके से लूटा गया है।

### पीयूष गोयल बोले-मार्केट...

समय में मार्केट कैसे क्रैश होते थे, उन्हें निवेशकों का कॉन्फिडेंस कम करने की कोशशि नहीं करनी चाहिए। राहुल को चिंता करनी चाहिए कि रुझान में जब उनको बढ़त मिली तो मार्केट गिरा। वो ये साबित करता है कि जनता निवेशकों को उनपर भरोसा नहीं है। जब ये पक्का हो गया है कि मोदी सरकार ही है तब निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने दावा किया कि सारे रिफार्म जारी रहेंगे। हमारे सहयोगी दल ये समझते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के विजन से भारत आगे बढ़ रहा है। इंडी गठबंधन सिर्फ सीट एडजस्टमेंट बन गया है।

---

**कांग्रेस ने जीरो से पांच सीटें जीती, भाजपा 10 में से हो गई आधी**

## हरियाणा में भाजपा ने खोया जनता का विश्वास, सत्ता छोड़े : भूपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



हरियाणा कांग्रेस विधायक दल के नेता भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार ने जनता का विश्वास खो दिया है लिहाजा सत्ता का मोह त्याग कर मुख्यमंत्री नायब सैनी को इस्तीफा दे देना चाहिए। दिल्ली आवास पर हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान और चार नवनिर्वाचित सांसदों दीपेंद्र हुड्डा, सतपाल ब्रह्मचारी, वरुण मुलाना और जय प्रकाश के साथ पत्रकारों से बात करते हुए हुड्डा ने कहा कि हम इन चुनावों में हरियाणा में 0 से 5 सीटों पर आए हैं। भाजपा 10 सीटों से पांच पर सिमटी है। हमारा वोट प्रतिशत तकरीबन 18 फीसद बढ़ा है। हमने 46 विधानसभा सीटों पर लीड किया है। इसके साथ ही महंगाई, बेरोजगारी सहित ऐसे कई मुद्दे हैं, जिनसे लोग परेशान हैं। वहीं, उदयभान ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव में 70 से ज्यादा सीट जीतेगी।

### एक मोर्चा जीता


भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हम एक मोर्चा जीत चुके हैं। लोकसभा के बाद अब दूसरे मोर्चा विधानसभा के लिए जुट जाएंगे। हम अब हर विधानसभा क्षेत्र में लोगो के बीच जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार ने लोगों का विश्वास खो दिया है। उन्हें खुद सरकार छोड़ देनी चाहिए , विधानसभा भंग करके नया मैनडेट लेना चाहिए। 10 तारीख को तीन बजे चंडीगढ़ में सीएलपी की मीटिंग होगी।

**पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद फिर बवाल**

## भाजपा ऑफिस और विधायक के दफ्तर पर हमला,पथराव-तोड़फोड़

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में मतगणना के दो दिन बाद भी कुछ जगहों पर राजनीतिक हिंसक घंटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। दुर्गापुर और बर्धमानमें टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के भिड़ने की घटनाएं सामने आई हैं। बर्धमान में भाजपा जिला कार्यालय पर कथित तौर पर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने हमला किया। भाजपा का आरोप है कि बड़ी संख्या में टीएमसी कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर लाठी डंडों और पत्थर के साथ हमला किया। भाजपा कार्यालय पर पत्थरबाज़ी करने के साथ ही साथ बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। 3 भाजपा कर्मी घायल भी बताए जा रहे हैं। पुलिस कर्मी स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं।



### विधायक से लूटपाट भी

दुर्गापुर इस्पात नगर में आर्टिलरी रोड पर विधायक के कार्यालय में कथित तौर पर तोड़फोड़ की गई और लूटपाट भी की गई। लक्ष्मण घरुई ने आरोप लगाया कि चुनाव जीतने के बाद से तृणमूल समर्थित बदमाश उनके कार्यकर्ताओं पर अत्याचार कर रहे हैं। पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ की गई और कई मूल्यवान दस्तावेज लूट लिए।

## जुर्माने की राशि चूक के मामलों की संख्या के आधार पर होगी निर्धारित

# सेबी ने निगरानी में चूक के लिए शेयर बाजारों पर जुर्माने के दिशानिर्देश किए जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*बाजार नियामक सेबी ने खुदरा निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए असामान्य या संदिग्ध कारोबारी गतिविधियों का पता लगाने में चूक के लिए शेयर बाजारों और अन्य बाजार अवसंरचना संस्थानों (एमआईआई) पर लगाने वाले जुर्माने से संबंधित एक रूपरेखा बृहस्पतिवार को जारी की।*


निगरानी से संबंधित चूक पर वित्तीय जुर्माने की राशि पिछले वित्त वर्ष में किसी एमआईआई... शेयर बाजार, समाशोधन निगम और डिपॉजिटरी... के कुल वार्षिक राजस्व और वित्त वर्ष में ऐसी चूक के मामलों की संख्या के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

### सेबी ने जारी किया परिपत्र

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि नया प्रारूप एक जुलाई, 2024 से लागू होगा। सेबी ने कहा, 'एमआईआई द्वारा निगरानी का सामान्य उद्देश्य बाजार की सत्यनिष्ठा को प्रभावित करने वाली हेराफेरी या गड़बड़ी वाले कारोबार का पता लगाने और उसे रोकने के लिए बाजार की निगरानी करना और नियामक की प्रवर्तन कार्रवाइयों का समर्थन करने वाली जानकारी प्रदान करना है।'

### एमआईआई अलर्ट तैयार करेगी

एमआईआई को बाजार में दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों की निगरानी करना, असामान्य या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देना और अलर्ट तैयार करके और उनका प्रसंस्करण करके बाजार मध्यस्थों के आचरण की निगरानी करना, व्यापार के औचित्य की तलाश करना और त्वरित विश्लेषण करना होता है।



### चूक की निगरानी होगी

निगरानी संबंधी चूक के तहत निगरानी में आई कोई चूक, निगरानी संबंधी गतिविधि की कोई अपर्याप्त जानकारी और निर्धारित समय में निगरानी उपायों को लागू करने में नाकामी के साथ उन्हें लागू करने में कोई देरी या केवल आंशिक रूप से लागू करना शामिल है।

- उद्देश्य बाजार की सत्यनिष्ठा प्रभावित करने वाले हेराफेरी का पता लगाना

*जुर्माने की राशि इस प्रकार: वित्तीय जुर्माने की राशि के संबंध में सेबी ने कहा कि यदि किसी एमआईआई का कुल वार्षिक राजस्व 1,000 करोड़ रुपये से कम है, तो निगरानी संबंधी चूक के पहले मामले में 25 लाख रुपये, दूसरे मामले में 50 लाख रुपये और तीसरे मामले से एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।*

### 20 लाख तक लगाया जाएगा जुर्माना

वहीं, किसी एमआईआई का कुल वार्षिक राजस्व 1,000 करोड़ रुपये से कम और 300 करोड़ रुपये तक होने पर चूक के पहले, दूसरे और तीसरे मामले में क्रमशः पांच लाख रुपये, 10 लाख रुपये और 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसी तरह, यदि राजस्व 300 करोड़ रुपये से कम है, तो निगरानी संबंधी चूक के पहले, दूसरे और तीसरे मामले में क्रमशः एक लाख रुपये, दो लाख रुपये और चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

### दलीलें पेश करने का समय मिलेगा

एमआईआई में निगरानी संबंधी चूक की पहचान के बाद बाजार नियामक उस एमआईआई को अपनी दलीलें पेश करने का अवसर देगा। कोई भी जुर्माना लगाने से पहले नियामक इन दलीलों पर विचार करेगा। जुर्माना लगाए जाने पर संबंधित एमआईआई को 15 कार्य दिवसों के भीतर सेबी के निवेशक संरक्षण और शिक्षा कोष में राशि जमा करनी होगी।

### जुर्माने का ढांचा इन मामलों में लागू नहीं होगा

नियामक ने कहा कि निगरानी संबंधी चूक के लिए जुर्माने का ढांचा उन मामलों में लागू नहीं होगा, जहां इसका व्यापक बाजार प्रभाव पड़ता है या बड़ी संख्या में निवेशकों को नुकसान होता है या बाजार की अखंडता प्रभावित होती है। इसके अलावा यह दिशानिर्देश उन मामलों के लिए लागू नहीं होंगे जो प्रक्रियात्मक प्रकृति के हैं।

## भारत में स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में 2030 तक 500 अरब डॉलर के निवेश अवसर

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहन सहित स्वच्छ ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में 2030 तक 500 अरब डॉलर से अधिक के निवेश के अवसर मौजूद हैं। 'इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉसपेरिटी' (आईपीईएफ) के स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम की दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए सिंगापुर में मौजूद वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने यह बात कही। बर्थवाल ने आईपीईएफ स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम के उद्घाटन में इसे एक अद्वितीय मंच करार दिया जो वैश्विक निवेशकों, नीति निर्माताओं और शिक्षाविदों को एक साथ लाया है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में टिकाऊ बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। सचिव ने फोरम को संबोधित करते हुए, '' भारत में 2030 तक 500 अरब डॉलर से अधिक के निवेश के बड़े अवसर मौजूद हैं, खासकर नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहन सहित स्वच्छ ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में...।'' बर्थवाल ने पिछले दशक में भारत में कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने के लिए कारोबार को सुगम बनाने के लिए किए गए प्रमुख सुधारों के बारे में भी बताया। इसके अलावा, मंत्रालय ने कहा कि इस फोरम के परिणामस्वरूप हिंद-प्रशांत क्षेत्र में टिकाऊ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 23 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर उत्पन्न हुए। आईपीईएफ की बैठक बुधवार को शुरू हुई।

## गठबंधन राजनीति, कमजोर जनादेश से सुधारों के लिए कानून बनाना होगा चुनौतीपूर्ण: फिच

**नई दिल्ली (भाषा)।** भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सरकार गठन की दिशा में कदम बढ़ाने के बीच फिच रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि गठबंधन की राजनीति और कमजोर जनादेश महत्वाकांक्षी सुधारों पर कानून पारित करना चुनौतीपूर्ण बना सकता है। फिच ने एक बयान में कहा, /"हमारा मानना है कि भूमि और श्रम कानूनों में बड़े सुधार नई सरकार के एजेंडे में बने रहेंगे क्योंकि यह भारत के विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ाने का प्रयास करती है, लेकिन ये लंबे समय से विवादास्पद रहे हैं और एनडीए का कमजोर जनादेश इन कानूनों को पारित करना और जटिल कर देगा। यह भारत की मध्यम अवधि की वृद्धि संभावनाओं के संभावित लाभ को कम कर सकता है।" भाजपा वर्ष 2014 से लगातार सत्ता में रही है लेकिन वह हालिया चुनाव में पहली बार अपने दम पर स्पष्ट बहुमत पाने में नाकाम रही है। ऐसी स्थिति में भाजपा अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ मिलकर सरकार गठन की कोशिशों में लगी है। रेटिंग एजेंसी को को उम्मीद है कि भाजपा सहयोगी दलों की मदद से पर्याप्त समर्थन जुटा लेगी ताकि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बने रहने के साथ सरकार बनाई जा सके। फिच रेटिंग्स ने कहा, "इस नतीजे से व्यापक नीतिगत निरंतरता को बढ़ावा मिलना चाहिए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: CWM-BW-01-2024**

मु०का०प्र०/पुल कारखाना/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कैण्ट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदा आमन्त्रित करते हैं:–

**क्रम सं.-1,** ई-निविदा सूचना सं.-CWM-BW-01-2024, कार्य का विवरण: पुल कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर छावनी में 61 मीटर स्पान ओपेन वेब स्टील गर्डर (वेल्डेड थ्रू टाईप आर.डी.एस.ओ. ड्राईंग के अनुसार) का फैब्रीकेशन कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 12,32,71,129.27, बयाने की राशि: ₹ 7,66,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य की समापन अवधि: 16 (सोलह) माह। • ई–निविदा खुलने की तिथि: दिनांक 28-06-2024 को 11:00 बजे। • ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि: दिनांक 28-06-2024 को 10:59 बजे। • ई–निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य इंजीनियर/पुल कारखाना, गोरखपुर**

मुजाधि/डब्लू–107

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पहचान की अपील**



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र:** नामालूम, **पता:** नामालूम, **उम्र:** लगभग 30 साल, **कद:** 5'7'', **लिंग:** पुरूष, **रंग:** सांवला, **पहनावा:** लाल रंग की स्फेद पीली लाइन वाली टी–शर्ट और काले रंग का लोअर और पैरों में काले रंग की चप्पल। **बरामदी स्थल:** दुकान प्लॉट नंबर 1 के सामने नानू राम पार्क, जाट भवन के पास नजफगढ़।

मृतक के शव को पहचान के लिए राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल जाफरपुर दिल्ली की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है।


इस सम्बंध में **DD No. 22A दिनांक: 05.06.2024 पुलिस स्टेशन: बाबा हरिदास नगर, नई दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

**थानाध्यक्ष**
**पुलिस स्टेशन: बाबा हरिदास नगर, नई दिल्ली**
**फोन: 011–25315302, 9868987611**

**DP/6973/DW/2024**

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 692 अंक उछला

- बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स फिर 75 हजार के पार
- मोदी के नेतृत्व में सरकार बनती देख निवेशक उत्साहित



**मुंबई।** केंद्र में अगली सरकार की कमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ही पास रहने की संभावना से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। बृहस्पतिवार को दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी क्रमशः 692 अंक और 201 अंकों की बढ़त लेने में सफल रहे। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 75,000 के स्तर को एक बार फिर हासिल करते हुए 692.27 अंक यानी 0.93 प्रतिशत उछलकर 75,074.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 915.49 अंक तक बढ़कर 75,297.73 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 201.05 अंक यानी 0.89 प्रतिशत चढ़कर 22,821.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 289.8 अंक यानी 1.28 प्रतिशत बढ़कर 22,910.15 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, इन्फोसिस, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और विप्रो के शेयरों में सर्वाधिक बढ़त दर्ज की गई।

### इनमें रही गिरावट

दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, नेस्ले, इंडसइंड बैंक और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। हालांकि भाजपा को हाल में संपन्न संसदीय चुनावों में अपने दम पर स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है।

**अदाणी के शेयरों में तेजी जारी:** अदाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से नौ के शेयर लगातार दूसरे दिन बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई में अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 5.10 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस का शेयर 3.97 प्रतिशत, एनडीटीवी का शेयर 3.70 प्रतिशत, अदाणी पावर का शेयर 3.17 प्रतिशत और अदाणी विल्मर का शेयर 3.05 प्रतिशत चढ़ा।

## चांदी 1,400 रुपए उछली, सोना 680 रुपए मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- चांदी बढ़कर 93,300 रुपए प्रति किलोग्राम रही
- सोना उछलकर 73,500 रुपए प्रति 10 ग्राम

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 680 रुपये की तेजी के साथ 73,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,400 रुपये बढ़कर 93,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी।





पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजार में तेजी के संकेत के बीच दिल्ली बाजार में हाजिर सोना (24 कैरेट) 680 रुपये बढ़कर 73,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,360 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 28 डॉलर मजबूत है।

### फेड मौद्रिक ब्याज दर में कटौती कर सकता है

गांधी ने कहा कि अमेरिकी बांड प्रतिफल में गिरावट और मिश्रित अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई। यूरोपीय सेंट्रल बैंक बृहस्पतिवार को अपनी मौद्रिक नीति बैठक में ब्याज दर में कटौती कर सकता है, जिससे सोने की कीमतों को समर्थन मिल सकता है। चांदी भी 30.30 डॉलर प्रति औंस पर रही। पिछले कारोबारी सत्र में यह 29.75 डॉलर प्रति औंस पर रही थी।





### ईपीसीएच ने दुबई में इंडेक्स मेले में मौजूदगी दर्ज कराई

**नई दिल्ली।** इंडेक्स फेयरए 04 से 06 जून तक दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शुरू हो गया है। इस मेले में ईपीसीएच इंडिया पवेलियन का उद्घाटन श्रीके. कालीमुथु, (वाणिज्यदूत) भारतीय महावाणिज्य दूतावास, दुबई ने ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आरण केण वर्मा और अन्य निर्यातक सदस्यों की मौजूदगी में किया।

## नीट में मोशन के होनहारों को मिली शानदार सफलता





**कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से देश के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए होने वाली नेशनल एलिजिबिलिटी कम इंट्रेस टेस्ट (नीट-यूजी) -2024 के नतीजों में मोशन एजुकेशन के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर शानदार कामयाबी हासिल की है। मोशन के स्टूडेंट तथागत अवतार ने परफेक्टस्कोर 720 में से 720 अंक प्राप्त कर अपनी केटेगिरी में आल इंडिया फर्स्ट रैंक हासिल की है। इसके अलावा मोशन के विद्यार्थियों ने पहली 100 रैंक में 6 और एक हजार में 32 छात्रों ने हासिल किया है। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि मोशन के स्टूडेंट प्रत्युष मालव ने आल इंडिया रैंक 51, प्रियांश चित्तोड़ा ने 56, द्रोण जैन ने 63, मंथन बजाज ने 82 और प्रथम बुधवार ने आल इंडिया 98वीं रैंक हासिल की। टॉप 1000 में मोशन के 32 स्टूडेंट्स रहे। इसके अलावा एसटी-एससी की टॉप एक हजार रैंक में भी मोशन के आठ विद्यार्थी हैं। मोशन के सीएडी सर्किल स्थित दक्ष कैम्पस में बुधवार शाम को सफलता का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में खुशी का माहौल रहा। जॉइंट डायरेक्टर और नीट डिवीजन के अमित वर्मा डिप्टी डायरेक्टर आशीष माहेश्वरी जितेंद्र चांदवानी आशीष वाजपेयी ललित विजय ने टॉपर्स और उनके अभिभावकों का अभिनंदन किया।

- तथागत अवतार को मिले 720 में से 720 अंक

## डब्ल्यूईएफ की अगुवा प्रौद्योगिकी कंपनियों में 10 भारतीय स्टार्टअप शामिल

**नई दिल्ली।** पिक्सल, निरमाई और सर्वम एआई समेत 10 भारतीय स्टार्टअप ने विश्व आर्थिक मंच की अगुवा प्रौद्योगिकी कंपनियों की इस साल की सूची में जगह बनाई है। यह सूची बृहस्पतिवार को जारी की गई। सूची में कुल 100 अग्रणी प्रौद्योगिकी स्टार्टअप शामिल हैं जो स्वच्छ ऊर्जा समाधान, स्वास्थ्य सेवा नवाचार तथा जैव प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष व न्यूरोटेक्नोलॉजी में प्रगति के लिए एआई (कृत्रित मेधा) में नई चीजों को शामिल करने पर केंद्रित हैं। अतीत में इस सूची में शामिल होने वाली कंपनियों में एयरबीएनबी, गूगल, किकस्टार्टर और स्पॉटिफाई जैसी प्रौद्योगिकी दिग्गज कंपनियां शामिल हैं। सूची में जगह बनाने वाले अन्य भारतीय नामों में इंटरनेशनल बैटरी कंपनी, नेक्स्टवेव और स्ट्रिंग बायो शामिल हैं। इस सूची 23 में देशों के स्टार्टअप शामिल हैं, जिनमें से एक तिहाई का नेतृत्व महिला मुख्य कार्यकारी कर रही हैं

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


**ज्योतिष**

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र–मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम सभी समस्याओं का समाधान



**बाबा अकबर खान**
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रूकावट गृहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
**9810842229**
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

## राशिफल



**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।




**वृष** धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।




**मिथुन** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।



**कर्क** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।



**सिंह** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।




**कन्या** आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।




**तुला** कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग–दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।



**वृश्चिक** संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।



**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।



**मकर** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।




**कुंभ** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।



**मीन** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5534




**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 5533 का हल**



**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम: **नामालूम**, परिवार व पता **नामालूम**, उम्र: लगभग **25-35 वर्ष**, जो **दिनांक 29.05.2024, प्रातः 11:55 बजे, हरी नगर आश्रम मेट्रो स्टेशन के गेट नं. 1, फ्लाईओवर के नीचे, फायर स्टेशन के सामने** मृत पाया गया। इस संदर्भ में एक एफआईआर सं./डीडी सं. **09-ए, अंतर्गत धारा 174 सीआरपीसी आईपीसी, दिनांक 30.05.2024 को थाना सनलाईट कॉलोनी, दक्षिण पूर्व जिला, नई दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। मृतक के शव को 72 घंटे तक एम्स अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखा गया है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-

**लिंग:** पुरूष, **आयु:** लगभग 25-35 वर्ष, **कद:** 5' 7" फीट, **रंग:** गेहुँआ, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** मध्यम, **पहनावा:** केवल काले रंग का लोअर पहना हुआ।

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करें:-

**थाना प्रभारी**
**थाना: सनलाईट कालोनी, दिल्ली**
**फोन: 011-26349218, 26348324**
**मोबाइल: 8750870928**

**वेबसाइट: http://cbi.nic.in**
**ई-मेल: cic@cbi.gov.in**
**टेली. न.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

**DP/6902/SE/2024**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जुबैर, पुत्र सलीम मलिक, निवासी मकान संख्या 1234, गली संख्या 14/3, चौहान बांगर, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 326/2020 भा.द.सं. की धारा 380/411 के तहत, थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **जुबैर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **जुबैर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 326/2020 भा.द.सं. की धारा 380/411 के तहत, थाना जाफराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जुबैर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.07.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आयुषी सक्सेना**
**एलडी. महानगर दण्डाधिकारी, कमरा नं.07,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, शाहदरा, दिल्ली**

दि.पु./6471/उत्तर पूर्व/2024



नासाउ की खुली दरारों वाली खतरनाक पिच सभी के लिए चिंता का सबब

# रोहित की चोट गंभीर नहीं, न्यूयॉर्क की 'ड्रॉप इन' पिच की हो रही कड़ी आलोचना, आईसीसी मौन

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की बाजू पर लगी चोट पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले मैच से पहले ठीक होने की उम्मीद है लेकिन अमेरिका में क्रिकेट के प्रचार के लिए अहम माने जा रहे टी20 विश्व कप के इस मुकाबले से पहले नासाउ काउंटी की खुली दरारों वाली खतरनाक पिच सभी के लिए चिंता का सबब बनी हुई है।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन समेत कई दिग्गजों ने पिच पर सवाल उठाए हैं। यह भी कहा जा रहा है कि विश्व कप मैच कराने से पहले इस पर कुछ अभ्यास मैच क्यों नहीं खेले गए। रोहित को आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान तेज गेंदबाज जोश लिटिल की गेंद दाहिनी बाजू के ऊपरी हिस्से में लगी थी। उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा। ऋषभ पंत को भी बायीं कोहनी में बाउंसर लगा था।




### नासाउ में दो मैच और खेलेगा भारत

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'रोहित की चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने खुद कहा है कि यह मामूली घाव है। वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच तक ठीक हो जाएंगे। उससे पहले दो अभ्यास सत्र भी खेले जाने हैं।' एडीलेड से खास विश्व कप के लिए यहां लाई गई पिच की काफी आलोचना हो रही है। भारत को इस स्टेडियम में दो मैच और खेलने हैं।

### पिच सुरक्षित नहीं

भारत की टी20 विश्व कप में खिताबी जीत में फाइनल में 'प्लेयर आफ द मैच' रहे इरफान



पठान ने पिच को असुरक्षित बताया। उन्होंने कहा, 'हम अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देना चाहते हैं लेकिन यह पिच खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित नहीं है। अगर भारत में इस तरह की पिच होती तो लंबे समय तक वहां दोबारा मैच नहीं खेला जाता। पिच अच्छी नहीं है। हम विश्व कप की बात कर रहे हैं, किसी द्विपक्षीय श्रृंखला की नहीं।'

### ऐसा पिच अस्वीकार्य



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा, 'अमेरिका में क्रिकेट का प्रचार अच्छी बात है लेकिन इसके लिए खिलाड़ियों को इस तरह की पिच पर खिलाना अस्वीकार्य है। आप विश्व कप खेलने के लिए काफी मेहनत करते हैं और फिर इस तरह की पिच पर खेलना पड़ता है।'

### कौशल की कमी नहीं

भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि भारत के पास इससे निपटने के लिए



पर्याप्त अनुभव और कौशल है। राठौड़ ने कहा, 'हम उसी पर नियंत्रण कर सकते हैं जो हमारे बस में है। यह चुनौतीपूर्ण विकेट है और हमें ऐसी ही आशा थी क्योंकि हमने यहां अभ्यास मैच खेला था। हमें इससे निपटने का तरीका तलाशना होगा। टीम में कौशल की कमी नहीं है और पर्याप्त अनुभव भी है। हमें कोई दिक्कत नहीं होगी।'

### पिच पर होने चाहिए थे अभ्यास मैच

*भारतीय टीम प्रबंधन कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं करने वाला लेकिन पिच को लेकर नाराजगी जाहिर है। सूत्र ने कहा, 'यह ताजा पिच है। इस पर घास है लेकिन बड़ी बड़ी दरारें भी हैं। इस तरह की पिच की पहले कुछ अभ्यास मैच होने चाहिए थे। यह टी20 की विकेट नहीं है और चारों पिचें ऐसी ही है। शुक्र है कि रोहित या ऋषभ पंत को गंभीर चोट नहीं लगी और वे ठीक हैं।'*

### टूर्नामेंट के बाद होगी समीक्षा

आईसीसी ने अभी तक पिच की आलोचना को लेकर कोई बयान नहीं दिया है। पिच की गुणवत्ता को लेकर आईसीसी के नियम स्पष्ट हैं। टूर्नामेंट के बाद समीक्षा की जाएगी और पिच खराब होने पर ओवरआल रेटिंग गिर जाएगी।

### पिच सही नहीं



जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान और मशहूर कोच एंडी फ्लावर ने भी पिच की आलोचना करते हुए 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो ' के टाइमआउट शो पर कहा, 'मुझे कहना ही होगा कि अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए यह पिच सही नहीं है।'भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहले भी खतरनाक पिचें देखी है लेकिन यहां तैयारी में कुछ गड़बड़ हुई है। पिच या तो तैयार नहीं थी या कुछ ऐसा है जो उनके काबू में नहीं है।'

## खबर संक्षेप



### भारत के लिए तीसरे नंबर पर खेलेंगे पंत

**न्यूयॉर्क।** भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि टी20 विश्व कप में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते रहेंगे। राठौड़ ने मैच के बाद कहा, 'पंत शानदार बल्लेबाजी कर रहा है। दोनों मैचों (अभ्यास मैच और आयरलैंड मैच) में उसने अच्छी बल्लेबाजी की। इस समय हमारे लिए तीसरे नंबर का बल्लेबाज वही है और उसके खब्बू बल्लेबाज होने से फायदा मिल रहा है।'

### कारुआना से होगा प्रज्ञानानंदा का सामना

**स्टावेंजर।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवे दौर में अमेरिका के फेबियानो कारुआना से खेलेंगे। भारत के



प्रज्ञानानंदा ने क्लासिकल से दो मैच और आर्मागेडोन से दो मैच जीते और वह तीसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के दो ही दौर बाकी हैं। उन्होंने क्लासिकल में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन को और कारुआना को हराया था। कार्लसन 14.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के हिकारू नकामूरा उनसे एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### भारत जीत का प्रबल दावेदार : लतीफ

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ का मानना है कि टी20 विश्व कप में रविवार को



होने वाले मैच में भारत जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा क्योंकि उसकी टीम अधिक संतुलित है। लतीफ ने इसके साथ ही कहा कि न्यूयॉर्क में होने वाले इस बहुप्रतीक्षित मैच में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पर दबाव रहेगा। लतीफ ने कहा, 'हम सभी का ध्यान भारत के खिलाफ 9 जून को होने वाले मैच पर है। बाबर पर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन के बजाय भारत के खिलाफ होने वाले मैच के कारण दबाव में रहेगा।'

### खिताब नहीं जीत पाना मानसिकता का कारण

**नई दिल्ली।** रिकी पोंटिंग की कप्तानी वाली आस्ट्रेलियाई टीम को आईसीसी टूर्नामेंटों में सही समय पर सर्वश्रेष्ठ



प्रदर्शन का शऊर बखूबी आता था। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का मानना है कि भारत को भी आईसीसी खिताब का सूखा दूर करने के लिए मानसिक बाधाओं से पार पाकर ऐसा ही कुछ करना होगा। क्रिकेट की महाशक्ति भारत ने आखिरी बाद 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में आईसीसी खिताब जीता था। भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप में न्यूयॉर्क में आयरलैंड को हराकर शानदार शुरुआत की।

टी20 विश्व कप : स्टोइनिस और वॉर्नर ने 64 गेंद में 102 रन जोड़े

# आस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हराया, स्टोइनिस की तूफानी फिफ्टी


एजेंसी ▶▶| ब्रिजटाउन

मार्कस स्टोइनिस के आक्रामक अर्धशतक और तीन विकेट की बदौलत गत चैंपियन आस्ट्रेलिया ने टी20 विश्व कप में अपने अभियान का आगाज गुरुवार को ओमान पर 39 रन से जीत के साथ किया। स्टोइनिस ने 36 गेंद में नाबाद 67 रन बनाए जिसकी मदद से आस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 164 का स्कोर बनाया। डेविड वॉर्नर ने भी 56 रन की पारी खेली। इसके बाद स्टोइनिस ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ओमान की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। स्टार्क ने ओमान की पारी की तीसरी गेंद पर प्रतीक अठावले (0) को आउट कर दिया। मैदानी अंपायर द्वारा नॉट आउट दिए जाने के बाद आस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया जिसमें फैसला उसके पक्ष में रहा। एलिस ने कश्यप प्रजापति (सात) को पगबाधा आउट किया जिस पर ओमान ने रिव्यू लिया लेकिन नाकामी हाथ लगी। स्टोइनिस ने पावरप्ले की आखिरी गेंद पर ओमान के कप्तान आकिब इलयास (18) को आउट किया जिनका कैच विकेट के पीछे मैथ्यू वेड ने लपका। स्टोइनिस ने जीशान मकसूद (1) को आठवें ओवर में पवेलियन भेजा। अयान खान ने 30 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 36 रन बनाए।




### युगांडा ने पापुआ न्यू गिनी को हराया

प्रोविडेंस। युगांडा ने टी20 विश्व कप में पहली जीत दर्ज करते हुए पापुआ न्यू गिनी को कम स्कोर वाले मैच में तीन विकेट से हराया। युगांडा ने पापुआ न्यू गिनी को 77 रन पर आउट कर दिया लेकिन जवाब में उसके पांच विकेट 26 रन पर गिर गए थे। उसने हालांकि 10 गेंद बाकी रहते सात विकेट खोकर 78 रन बना लिए। रियाजत अली ने 33 रन बनाए लेकिन कोई और बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सका। उन्हें अपनी पारी में दो जीवनदान मिले और टीम के जीत से तीन रन दूर रहते वह आउट हो गए।




### वार्नर का आस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रन

*आस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन बनाए। ट्रेविस हेड (12) और कप्तान मिचेल मार्श (14) सस्ते में आउट हो गए। स्टोइनिस और वॉर्नर ने चौथे विकेट के लिए 64 गेंद में 102 रन जोड़े। आस्ट्रेलिया का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 50 रन था जिसके बाद इन दोनों ने पारी को संभाला। वॉर्नर 56 रन की पारी के साथ ही टी20 क्रिकेट में आस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रन (3,120) बनाने वाले बल्लेबाज हो गए जिन्होंने पूर्व कप्तान आरोन फिंच को पछाड़ा। दूसरी ओर स्टोइनिस ने 36 गेंद की अपनी पारी में दो चौके और छह छक्के लगाए।*

# लक्ष्य सेन क्वार्टर में पहुंचे त्रिसा और गायत्री बाहर




एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन जापान के केंता निशिमोतो को हराकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सेन ने प्री क्वार्टर फाइनल में 21-9, 21-15 से जीत दर्ज की।

त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हालांकि महिला युगल में हारकर बाहर हो गई। उन्हें जापान की मायु मत्सुमोतो और वाकाना नागाहारा के हाथों 21-19, 19-21, 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा को दक्षिण कोरिया की हा ना बाएक और सो ही ली ने 21-13, 19-21, 21-13 से हराया जिससे महिला युगल में भारत की चुनौती खत्म हो गई। मिश्रित युगल में बी सुमीत रेड्डी और सिक्की रेड्डी की टक्कर चीन की सिवेइ झेंग और याकिओंग हुआंग से होगी। पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत का सामना थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से होगा।

### आईसीसी ने पाकिस्तानी टीम का होटल बदला

**इस्लामाबाद।** आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की शिकायत के बाद पाकिस्तान टीम का न्यूयॉर्क में होटल बदल दिया है। पीसीबी ने शिकायत की थी कि टी20 विश्व कप के दौरान होटल से स्टेडियम जाने में 90 मिनट का समय लगता है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि अध्यक्ष मोहसिन नकवी के दखल के बाद पाकिस्तान टीम को दूसरे होटल में भेज दिया गया जो मैदान से सिर्फ पांच मिनट की दूरी पर है। पाकिस्तान को रविवार को न्यूयॉर्क में भारत से खेलना है और 11 जून को कनाडा से सामना होगा।

## पावरलिफ्टर संदीप पर डोपिंग मामले में दस साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** नाडा की डोपिंग निरोधक अनुशासन पैनल ने पावरलिफ्टर संदीप कौर पर प्रतिबंधित दवाओं के इस्तेमाल के दूसरे अपराध के कारण दस साल का प्रतिबंध लगा दिया है। पंजाब की 31 वर्ष की पावरलिफ्टर संदीप पर डोपिंग के दूसरे अपराध के लिए आठ साल का प्रतिबंध लगाया गया और अतिरिक्त दो साल उनके नमूनों में कई प्रतिबंधित पदार्थ पाए जाने के कारण लगाया गया है। पहली बार उन्हें 2019 में स्टानोजोलोल के सेवन का दोषी पाया गया था। कौर पिछले साल अगस्त में ही चार साल के प्रतिबंध के बाद लौटी है। वह उत्तराखंड के काशीपुर में राष्ट्रीय सीनियर महिला पावरलिफ्टिंग



चैम्पियनशिप में ओपन 69 किलो वर्ग में तीसरे स्थान पर रही थी। प्रतिस्पर्धा के दौरान लिये गए उनके मूत्र के नमूनों में नोरांड्रोस्टेरोन, मेटांडियेनोन और मेफेंटरमाइन के अंश पाए गए। एडीडीपी ने सभी पक्षों को सुनने के बाद कहा कि कौर यह बता नहीं सकी है कि ये पदार्थ उनके शरीर में कैसे गए।

## रोजर-सिगेमुंड बने फ्रेंच ओपन चैंपियन

एजेंसी ▶▶| पेरिस

एडवर्ड रोजर-वेसेलिन और लॉरा सिगेमुंड ने गुरुवार को यहां नील स्कुपस्की और डिजायर क्रॉजिक की जोड़ी को सीधे सेट में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का मिश्रित युगल का खिताब जीता। पहली बार किसी टूर्नामेंट में जोड़ी बनाकर खेल रहे फ्रांस के रोजर-वेसेलिन और जर्मनी की सिगेमुंड ने स्कुपस्की और क्रॉजिक की जोड़ी को 6-4, 7-5 से हराया। सिगेमुंड इससे पहले 2016 में अलग जोड़ीदार के साथ अमेरिकी ओपन का मिश्रित युगल ओर 2020 में महिला युगल खिताब जीत चुकी



हैं। चालीस साल के रोजर-वेसेलिन का यह पहला मिश्रित युगल खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2014 में फ्रेंच ओपन का पुरुष युगल खिताब जीता था जो उनका एकमात्र ग्रैंडस्लैम खिताब था।

## आयरलैंड-कनाडा में मुकाबला आज

न्यूयॉर्क। भारत के खिलाफ पहले मैच में मिली हार के बाद आयरलैंड को कनाडा जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ शुक्रवार को टी20 विश्व कप में अपने अभियान को ढर्रे पर लाना है तो एंडी बालबर्नी, पॉल स्टर्लिंग और हैरी टेक्टर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आयरलैंड को पहले मैच में भारत ने आठ विकेट से हराया जबकि कनाडा को सह मेजबान अमेरिका ने सात विकेट से मात दी। आठवीं बार टी20 विश्व कप खेल रही आयरलैंड टीम अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही है।


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नाम:** अज्ञात, **पुत्र:** अज्ञात, **पता:** अज्ञात, **उम्र:** लगभग 45 साल, **लिंग:** पुरूष, **कद:** 5 फुट 6 इंच, **रंग:** सांवला, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** सामान्य, **पहनावा:** सफेद रंग का शर्ट जिस पर नीले रंग की स्ट्रिप है, काले रंग की पैन्ट एवं पैरों में स्पोर्टस जूते पहने हुए है दिनांक 29.05.2024 को मकान नं0 ए–4/16 के सामने, कृष्णा नगर, दिल्ली थाना अन्तर्गत कृष्णा नगर, दिल्ली पर मृत अवस्था में पाया गया।

इस संदर्भ में **DD No. 81A, dated 29.05.2024** थाना कृष्णा नगर, दिल्ली में दर्ज है।

हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थाना प्रभारी**
**थाना– कृष्णा नगर, दिल्ली**
**फोन: 011-22093224, 7065036025**

**DP/6919/SHD/2024 (UIDB)**

## पहचान की अपील



एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **आयु:** लगभग 35 वर्ष, **रंग:** गेंहुआ, **कद:** 5', **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** पतला, **बाल:** सफेद छोटे, जिसने नीले रंग की जीन्स और सफेद–स्लेटी रंग की टी–शर्ट पहनी थी, जो बेहोशी की हालत में फुटपाथ पर, बाबा खड़ग सिंह मार्ग अक्षरा थियेटर के पास, नई दिल्ली में मिला और जिसे इलाज के दौरान डॉ आरएमएल अस्पताल में वाईड एमएलसी नं. ई–105969/24 के तहत दिनांक 04.06.2024 को मृत घोषित कर दिया गया। इस संदर्भ में **डीडी नं. 53ए, दिनांक 04.06.2024 को थाना नोर्थ एवेन्यू, दिल्ली** में दर्ज है। जिसके मृत शरीर को डॉ आरएमएल अस्पताल, दिल्ली के शवगृह में रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना नोर्थ एवेन्यू, दिल्ली**
**फोन: 011-23093294, 23093040**

**DP/6944/NDD/2024**


10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में जुटाए 242.7 अंक

# सरबजोत ने म्यूनिख वर्ल्ड कप में जीता स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

सरबजोत सिंह ने गत विश्व चैंपियन और चार बार के ओलंपियन की मौजूदगी वाली पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में भारत के पदक का खाता खोला। भारत के 22 साल के सरबजोत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 242.7 अंक जुटाए। उन्होंने चीन के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चीन के बू शुआईहेंग को 0.2 अंक से पछाड़ा। जर्मनी के रोबिन वाल्टर ने कांस्य पदक जीता।


सरबजोत ने बुधवार को क्वालीफाइंग में 588 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में गत विश्व चैंपियन चीन के बोवेन झेंग और तुर्की के चार बार के ओलंपिक यूसुफ डिकेक भी चुनौती पेश कर रहे थे। सरबजोत ने हालांकि फाइनल



में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीता। इससे पहले उन्होंने पिछले साल भोपाल में भी स्वर्ण पदक जीता था। युवा भारतीय निशानेबाज ने शुरुआती पांच शॉट में तीन बार 10 से अधिक अंक जुटाकर शुरुआती बढ़त बनाई। सरबजोत ने लगातार अच्छी निशानेबाजी की और 14वें शॉट से पहले तक बढ़त बरकरार रखी जब वाल्टर ने उनकी बराबरी कर ली। सरबजोत ने 15वें शॉट में 10.8 अंक के साथ अपना दावा मजबूत किया जबकि वाल्टर 8.6 अंक ही जुटा पाए। पांचवें नंबर पर झेंग के बाहर होने के बाद वाल्टर ने डिकेक को पछाड़कर कांस्य पदक जीता। अंतिम दो शॉट से पहले सरबजोत और बू के बीच 1.4 अंक का अंतर था और भारतीय निशानेबाज ने जीत दर्ज करके स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### चयन ट्रायल में भी रहे शीर्ष पर

*इससे पहले सरबजोत पेरिस ओलंपिक के लिए चयन ट्रायल में भी शीर्ष पर रहे थे। सरबजोत ने चांगवोन में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता था और भारत के लिए पेरिस ओलंपिक का पहला पिस्टल कोटा हासिल किया था। पिछले साल एशियाई खेलों में सरबजोत ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता था।*




# अमेरिका ने रूस और चीन तक मार करने वाली मिनटमैन-3 मिसाइल का किया सफल परीक्षण

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने मकैलिफोर्निया के वैंडेगबर्ग स्पेस फोर्स बेस से मिनटमैन-3 मिसाइल का परीक्षण किया है। मिनटमैन-3 एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे पहले ही अमेरिकी सेना में शामिल किया जा चुका है। इस परीक्षण को यूएस स्पेस फोर्स ने अंजाम दिया है।

परीक्षण के बाद स्पेस फोर्स ने कहा, "एयर फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से एक अनआर्म्ड मिनटमैन-3 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परिचालन परीक्षण किया। एयर फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड के अनुसार, आईसीबीएम परीक्षण लॉन्च कार्यक्रम का उद्देश्य हथियार प्रणाली की सुरक्षा, प्रभावशीलता और तत्परता को मान्य और सत्यापित करना है। इसका उद्देश्य यह प्रदर्शित करना है कि अमेरिका का न्यूक्लियर डेटरेंस सुरक्षित, विश्वसनीय और प्रभावी रहे।

### 3 जगह हमला करने में सक्षम

मिनटमैन-3 की रेंज लगभग 10000 किलोमीटर तक बताई जाती है। इतना ही नहीं, मिनटमैन-3 मिसाइल 24,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरने में सक्षम है। इसमें तीन वारहेड लगाए जा सकते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि यह मिसाइल एक साथ तीन जगहों पर परमाणु हमला करने में भी सक्षम है। मिनटमैन-3 की एक यूनिट की कीमत 7 मिलियन डॉलर है। वर्तमान में अमेरिका के पास मिनटमैन-3 की 530 यूनिट एक्टिव हैं।

### मिसाइल के नाम में भी छिपे हैं अर्थ

मिनटमैन मिसाइल का पूरा नाम एलजीएम-30 जी मिनटमैन-3 है। एलजीएम में एल का अर्थ साइलो लॉन्च मिसाइल से है। इसे अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने कोड के तौर पर निर्धारित किया है। जी का अर्थ ग्राउंड अटैक यानी जमीन पर मार करने वाली और एम का अर्थ गाइडेड मिसाइल है। इतना ही नहीं, इसके नाम में जुड़ा 30 मिनटमैन सीरीज की मिसाइलों के लिए और उसके बाद लगा जी वर्तमान की मिनटमैन-3 मिसाइल को बताता है।

### दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट का चौथा टेस्ट टेक्सास के बोका चिका में लॉन्च

*टेक्सास। दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप को टेक्सास के बोका चिका में शाम 6.20 बजे लॉन्च किया गया। ये टेस्ट 65 मिनट का है। इसमें स्टारशिप को स्पेस में ले जाने के बाद वापस पृथ्वी पर लाया जाएगा और पानी में लैंडिंग कराई जाएगी। इससे पहले रॉकेट का तीसरा टेस्ट करीब-करीब सक्सेसफुल था, जिसे 14 मार्च को शाम 6:55 बजे टेक्सास के बोका चिका से लॉन्च किया गया था।*



## खबर संक्षेप

### ब्लूस्टार की 40वीं बरसी पर लगे विवादित नारे



**अमृतसर।** ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी पर स्वर्ण मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पंजाब में हर साल इस बरसी पर घुल्लूघारा दिवस का आयोजन किया जाता है। जानकारी के अनुसार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने संगत से शांतिपूर्ण तरीके से घुल्लूघारा दिवस के आयोजन में शामिल होने की अपील की है। इससे पहले विवादित नारे लगे।

### अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे वाराणसी में होगा शुरू



**नई दिल्ली।** अमेरिकी देश बोलीविया एवं मेक्सिको के बाद दुनिया का तीसरा और देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे देव दीपावली से वाराणसी में शुरू होने जा रहा है। काशीवासी रोप-वे के पहले चरण में वाराणसी जंक्शन कैंट रेलवे स्टेशन से रथयात्रा तक की सुगम यात्रा कम समय में कर सकेंगे। इसके संचालन से यातायात की समस्या से भी निजात मिलेगी। 807 करोड़ रुपये की लागत तैयार होगी ।

### कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने मोदी को फोन कर दी शुभकामनाएं

# मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में श्रीलंका बांग्लादेश समेत सात देशों के नेता आएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद नरेंद्र मोदी 9 जून को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इसके लिए मोदी के शपथ ग्रहण में पड़ोसी देशों को न्योता, श्रीलंका-बांग्लादेश समेत 7 देशों के नेता होंगे शामिल वही मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को भी न्योता भेजा गया है। मुइज्जू के पिछले साल राष्ट्रपति बनते ही मालदीव-भारत के रिश्ते बिगड़े थे। जानकारी के अनुसार, शपथ ग्रहण के लिए भारत के पड़ोसी देशों के लीडर्स को न्योता भेजा जाएगा।

इनमें श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, नेपाल के पीएम प्रचंड समेत मॉरीशस और भूटान के नेता शामिल होंगे। श्रीलंका के राष्ट्रपति के मीडिया डिविजन ने इसकी पुष्टि भी की। बता दे कि राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने बुधवार को फोन करके पीएम मोदी को चुनाव जीतने पर बधाई दी थी। इसी दौरान कॉल पर मोदी ने उन्हें शपथ ग्रहण में शामिल होने का न्योता दिया, जिसे विक्रमसिंघे ने स्वीकार कर लिया। वहीं बांग्लादेश की पीएम के साथ भी फोन पर बातचीत के दौरान मोदी ने उन्हें समारोह का आमंत्रण दिया है।

*"जनतांत्रिक गठबंधन के नेता नरेंद्र मोदी के सप्ताहांत होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। पड़ोसी देशों के कई राष्ट्राध्यक्ष इस ऐतिहासिक पल के साक्षी होंगे।*


फाइल फोटो

### 2014 में कई संगठनों को भेजा था न्योता

इससे पहले 2014 में अपने पहले शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पीएम मोदी ने कई देशों के सार्क संगठनों को न्योता भेजा था। इसके तहत पाकिस्तान के तत्कालीन पीएम नवाज शरीफ, अफगान राष्ट्रपति हामिद करजई और श्रीलंका के राष्ट्रपति महिंद राजपक्षे समारोह में शामिल हुए थे।

### क्या है सार्क संगठन?

सार्क की स्थापना 1985 में की गई थी। सार्क शिखर सम्मेलन, दक्षिण एशिया के आठ देशों के राष्ट्राध्यक्षों की होने वाली बैठक है, जो हर दो साल में होती है। सार्क में अफगानिस्तान, भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और मालदीव शामिल हैं।

### नेपाल के पीएम पुष्प कमल दहल भी शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल



**नेपाल।** अठारहवीं लोकसभा चुनाव के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने जा रहे भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेता नरेन्द्र मोदी के सप्ताहांत होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। पड़ोसी देशों के कई राष्ट्राध्यक्ष इस ऐतिहासिक पल के साक्षी होंगे। अभी तक नेपाल, भूटान, श्रीलंका और बांग्लादेश के राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित किया गया है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड शनिवार को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। बुधवार को फोन पर बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाली प्रधानमंत्री को निमंत्रण दिया था। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। नेपाल के पीएम प्रचंड ने कल बुधवार को नरेन्द्र मोदी को फोन कर चुनाव में जीत की बधाई दी थी। एक नेपाली अधिकारी ने कहा कि बुधवार को फोन पर बातचीत के दौरान भारत के पीएम मोदी ने उन्हें शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया ।

ये लोग समलैंगिकता और अनैतिक संबंध के दोषी पाए गए थे

# तालिबान ने 63 लोगों को कोड़े मारे इनमें 14 महिलाएं, एक को फांसी दी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अफगानिस्तान में तालिबान ने 14 महिलाओं सहित 63 लोगों को सार्वजनिक जगहों पर ले जाकर कोड़े मारे हैं। लोगों को समलैंगिकता, चोरी और अनैतिक संबंध बनाने का दोषी पाया गया था। महिलाओं को एक सार्वजनिक स्टेडियम में कोड़े मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र यूएन ने इस सजा की निंदा की है। इसे अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार नियमों के खिलाफ बताया है। तालिबान समलैंगिकता को इस्लाम के खिलाफ मानता है। उसने सरी पुल प्रांत में स्टेडियम में पहले लोगों को इकट्ठा किया था फिर कोड़े मारे। तालिबान लोगों को इस्लाम के रास्ते पर चलने को कहता है। साथ ही लोगों से ऐसा न करने पर सजा भुगतने की धमकी देता है।

### अफगानिस्तान कोर्ट ने नहीं सुना आरोपियों का पक्ष

अफगानिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने पहले मामले में सुनवाई की। इस दौरान आरोपियों को अपना पक्ष रखने के लिए ज्यादा उचित समय नही दिया गया, न ही आरोपियों की बात सुनी और सीधे फैसला दे दिया। इतना ही नहीं तालिबान ने एक व्यक्ति को स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने पहले उसे पीटा और फिर फांसी पर लटका दिया। उस व्यक्ति पर हत्या में शामिल होने का आरोप था पर कोर्ट ने उसका पक्ष नहीं सुना और अपना फैसला दे दिया।

**सिराजुद्दीन हक्कानी पर 83 करोड़ का इनाम**

# अमेरिका के मोस्ट वॉन्टेड आतंकी से मिले यूएई के राष्ट्रपति जायद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने अमेरिका के मोस्ट वॉन्टेड आतंकी और हक्कानी नेटवर्क के चीफ सिराजुद्दीन हक्कानी से मुलाकात की। दरअसल, हक्कानी अफगानिस्तान में मौजूद तालिबान की सरकार में गृह मंत्री है। उस पर अमेरिका में 83 करोड़ रुपए का इनाम घोषित है।



### अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद हक्कानी का पहला विदेश दौरा

*2021 में अफगानिस्तान पर कब्जे के बाद यह पहला मौका है, जब सिराजुद्दीन हक्कानी किसी विदेश यात्रा पर गया है। यूएई के राष्ट्रपति ने मंगलवार (6 जून) को अबु धाबी के कासर अल-शाती पैलेस में हक्कानी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने यूएई और अफगानिस्तान के रिश्तों को मजबूत करने पर चर्चा की। बैठक के दौरान अफगानिस्तान में आर्थिक और सामाजिक विकास पर भी बातचीत की गई। इस बैठक में तालिबान का स्पाई चीफ अब्दुल हक वासिक भी शामिल रहा। वह कई सालों तक ग्वांटानामो बे में मौजूद अमेरिकी मिलिट्री जेल में कैद रह चुका है। 2014 में कैदियों की अदला-बदली के दौरान उसे रिहा किया गया था।*

### 47 दिन पहले हुआ था ट्रांसप्लांट, ब्लड

# महिला के शरीर से निकाली गई सुअर की किडनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में 16 मार्च को पहली बार एक इंसान की किडनी फेल होने के बाद उसके शरीर में सूअर की किडनी लगाई गई थी। इसके बाद 12 अप्रैल को अमेरिका में ही एक महिला को जेनेटिकली मॉडिफाइड सूअर की किडनी लगाई गई।

इन दोनों ही घटनाओं की चर्चा पूरी दुनिया में हुई और इसे मेडिकल माइलस्टोन बताया गया। लेकिन दोनों ही घटनाओं में कुछ समय बाद निराशा हाथ लगी। पहले मामले में शख्स की दो महीने बाद मौत हो गई तो अब दूसरी घटना में 47 दिन बाद डॉक्टरों ने महिला के शरीर में ट्रांसप्लांट किडनी को निकाल लिया है। न्यूयॉर्क में लैंगोन ट्रांसप्लांट इंस्टीच्यूट के डॉक्टरों ने बताया कि मरीज के दिल में खून की पर्याप्त सप्लाई नहीं हो पा रही थी। इससे उसकी नई किडनी डैमेज हो गई थी। इस वजह से इसे निकालने का फैसला किया गया।



### कंपनी का दावा है कि 2050 तक लिफ्ट अंतरिक्ष जाने लगेगी।

# अब लिफ्ट में बैठकर 40 दिन में मंगल ग्रह पर पहुंच जाएगा इंसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्या ऐसी कोई लिफ्ट कभी संभव है, जिससे इंसान अंतरिक्ष में जा सकेगा? क्या सच में लिफ्ट के जरिए महज कुछ दिनों में इंसान अपने सामानों के साथ आसमान में जा सकता है? आज के वक्त में साइंस और टेक्नोलॉजी ने जिस तरह से खुद को डेवलप किया है, उस हिसाब से यह असंभव नहीं है। अभी तक भले इंसान स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष में जाता है, मगर बहुत जल्द लिफ्ट में बैठकर अंतरिक्ष की सैर कर सकेगा। जी हां, जापान की कंपनी ओबायशी एक ऐसी लिफ्ट (स्पेस एलिवेटर) बना रही है, जो हमें रिकॉर्ड समय में मंगल ग्रह तक पहुंचा देगी। जापानी कंपनी ओबायशी कॉर्पोरेशन स्पेस एलिवेटर बनाने पर काम कर रही है। स्पेस एलिवेटर प्लान पर काम कर रहे ओबायशी से जुड़े योजी इशिकावा ने कहा कि कंपनी फिलहाल रिसर्च, रफ डिजाइन, पार्टनर्शिप बिल्डिंग और प्रमोशन के काम में लगी हुई है। मंगल ग्रह तक पहुंचने में अभी छह से आठ महीने तक का समय लगता है। वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया है कि अंतरिक्ष एलिवेटर हमें तीन से चार महीने या यहां तक कि 40 दिनों में स्पेस में पहुंचा सकता है। ओबायशी कॉर्पोरेशन ने पहली बार 2012 में स्पेस लिफ्ट के लिए अपनी योजना की घोषणा की थी।



### कंपनी का क्या है प्लान?

कंपनी का कहना है कि वह साल 2025 में 100 बिलियन डॉलर की परियोजना पर निर्माण शुरू करेगी। और साल 2050 तक लिफ्ट से स्पेस तक ऑपरेशन शुरू हो सकता है। हालांकि, इशिकावा का मानना है कि कंस्ट्रक्शन का काम अगले साल से शुरू नहीं होगा। ओबायशी की मानें तो सीधी रेखा में चुंबकीय मोटर से चलने वाली रोबोटिक कारों को नवनिर्मित स्पेस स्टेशन तक ले जाया जाएगा। इस लिफ्ट में लोगों को सामान के साथ ले आया और ले जाया।

### स्पेस लिफ्ट है फायदेमंद

अगर स्पेस एलिवेटर यानी अंतरिक्ष लिफ्ट का कॉन्सेप्ट सच साबित होता है तो यह एक क्रांतिकारी डेवलपमेंट होगा। पहली बात तो यह कि इस लिफ्ट से आने-जाने में लगने वाली लागत अंतरिक्ष में पेलोड भेजने की लागत से भी कम होगी। दूसरी बात यह कि इससे पर्यावरण को भी अधिक नुकसान नहीं होगा, जितना कि पेलोड से होता है। रॉकेट में बड़ी मात्रा में ईंधन की आवश्यकता होती है। रॉकेट से काफी मात्रा में उत्सर्जन भी होता है। मगर यह स्पेस लिफ्ट सामान या यात्रियों को केबल के साथ लाने-ले जाने के लिए इलेक्ट्रिक मोटर्स का यूज कर सकती है। यह अंतरिक्ष आने-जाने का सबसे अधिक टिकाऊ और किफायती विकल्प होगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109